■ श्रावण शुक्ल - 4 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 28 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 20-08-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 लगभग तैयार है नई राष्ट्रीय सहकारी नीति : सुरेश प्रभु
6 मेजर प्रदीप तथावड़ेः 'जब तक आतंकवादियों का खात्मा न हो जाए, सबको डटे रहना है'
7 कंगना रनौत ने संजय लीला भंसाली को बताया 'भगवान'

## फर्स्ट टेक

### हर माह 50 स्वास्थ्य सहायक कर्मी जाएंगे जर्मनी

**नई दिल्ली/वार्ता।** स्वास्थ्य क्षेत्र की कौशल विकास कंपनी इंडो-यूरो सिंक्रोनाइजेशन (आईईएस) ने भारतीय स्वास्थ्य सहायक कर्मियों को जर्मन मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित करने और प्रति माह 50 प्रशिक्षित कर्मियों को जर्मनी भेजने की घोषणा की है। आईईएस ने शनिवार को यहां 'अपस्किलिंग सर्टिफिकेशन लिंक्ड टू नर्सिंग एम्प्लॉयमेंट इन जर्मनी' की घोषणा की। आईईएस के वैश्विक कारोबार प्रमुख लुकास रोगे ने कहा कि जर्मनी में 18 लाख स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है। जिसे ध्यान में रखते हुए भारतीय युवाओं को जर्मन भाषा के साथ वहां के स्वास्थ्य मानकों पर प्रशिक्षित करके उन्हें जर्मनी में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। हर महीने 50 स्वास्थ्य कर्मियों को यहां से भेजा जाएगा। बाद में इसकी संख्या और बढ़ाई जाएगी।

### 'अमूल' ने हासिल किया 72,000 करोड़ का कारोबार

**आणंद/वार्ता।** दूध उत्पादन एवं वितरण के क्षेत्र में दुनियाभर में जाने-माने ब्रांड 'अमूल' ब्रांड ने 72,000 करोड़ रुपये (यूएसडी नौ बिलियन) का समूह कारोबार हासिल किया है। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) की ओर से शनिवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात के सभी डेयरी सहकारी संघों की सर्वोच्च संस्था तथा अमूल ब्रांड के मार्केटर्स, गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन इस वर्ष अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है। 1973 में केवल छह सदस्य यूनियनों और 121 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ स्थापित जीसीएमएमएफ के पास आज गुजरात के भीतर 18 सदस्य संघ हैं जो प्रतिदिन तीन करोड़ लीटर से अधिक दूध एकत्रित करते हैं और 72,000 करोड़ रुपये (नौ बिलियन यूएसडॉलर) के समूह कारोबार के साथ अमूल भारत का सबसे बड़ा एफएमसीजी ब्रांड बन गया है।

### उत्तरी यूक्रेन में रूस के मिसाइल हमले में सात लोग मारे गए

**स्टॉकहोम/एपी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को स्वीडन का दौरा किया और यह पिछले साल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद इस देश की उनकी पहली यात्रा है। वहीं, यूक्रेन के एक उत्तरी शहर पर मिसाइल हमले में सात लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। स्वीडन की सरकार ने कहा कि जेलेंस्की स्टॉकहोम से लगभग 120 किलोमीटर पश्चिम में स्थित हार्पसुंड में अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। वह क्षेत्र के एक महल में स्वीडन के राजा कार्ल 16वें गुस्ताफ और रानी सिल्विया से भी मुलाकात करेंगे।

| सूर्यास्त 20-08-2023 | सूर्योदय 21-08-2023 |
| --- | --- |
| 6:27 बजे | 5:57 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 64,948.66 | 19,310.15 |
| (-202.36) | (-55.10) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 6,127 रु. | 76,200 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# काले धन को सफेद करने वालों की 'धुलाई' कर रही है सरकार : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि नए भारत में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है और इसीलिए सरकार काले धन को सफेद करने वालों की 'धुलाई' करने में लगी है।

सिंह ने शनिवार को यहां एक निजी टेलीविजन चैनल के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में नए भारत की इमारत का ढांचा तैयार किया है और अब उसका लक्ष्य इस इमारत को भव्य रूप देकर भारत को विकसित तथा सशक्त राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि नए भारत में भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना है और देश में 'भ्रष्टाचार को भ्रष्टाचार जीरो' तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार काले धन को सफेद करने वालों की धुलाई करने में लगी हुई है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के शासन में अर्थव्यवस्था की जो जमीन तैयार की गई थी वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के 10 वर्षों के शासन में खिसक गई थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जी जान लगाकर अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों पर चलते हुए देश अब हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए स्वदेशीकरण पर बहुत अधिक जोर दिया जा रहा है और 410 रक्षा उत्पादों की सूची जारी कर इन के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से सेना की क्षमता और विश्वास दोनों बड़े हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि एक समय था जब भारत गुटनिरपेक्ष देशों में शामिल था लेकिन उसकी यह नीति कई बार पलायनवादी प्रतीत होती थी। मोदी सरकार अब राष्ट्रीय जरूरत के अनुसार निर्णय लेती है और हमारी नीति मुद्दों तथा व्यावहारिक सोच पर आधारित है। भारत की रक्षा और कूटनीति में बड़ा बदलाव आया है जिससे बड़ी बड़ी ताकते भी हमसे हाथ मिला रही है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि एक और रूस हमें एस 4 रक्षा प्रणाली दे रहा है तो वहीं अमेरिका हमें प्रिडेटर जैसे ड्रोन दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब भारत निर्णय लेते समय यह नहीं सोचता कि कौन देश उसके निर्णय से खुश होगा और कौन नाराज होगा। रक्षा मंत्री ने 1971 की लड़ाई में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्णायक फैसलों की भी प्रशंसा की।

## इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल

**श्रीनगर/वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के ज़बरवान पर्वत श्रृंखला की तलहटी में स्थित अति सुंदर इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन ने शनिवार को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (लंदन) में प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि यह प्रतिष्ठित मान्यता इस बगीचे को एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन के रूप में प्रतिष्ठित करती है, जो 1.5 मिलियन ट्यूलिपों की लुभावनी श्रृंखला से सुसज्जित है और यह 68 विशिष्ट ट्यूलिप किस्मों के एक शानदार समूह का प्रतिनिधित्व करता है।

### यौन उत्पीड़न मामलाः

# बृज भूषण के खिलाफ आरोपपत्र पर सुनवाई टली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए यौन उत्पीड़ के आरोप को लेकर दायर आरोप पत्र पर सुनवाई 26 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी है। सिंह के वकील ने उनकी ओर से निजी तौर पर अदालत में उपस्थित होने से छूट देने को लेकर अर्जी लगायी थी।

एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) वैभव मेहता इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, हमने इस मामले की सुनवाई को लिए 26 अगस्त पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे का समय तय किया है और समय याचिकाकर्ता वकील की सुविधा अनुसार दिया गया है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र पर सुनवाई करने वाले एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल आज छूट्टी पर है, इस वजह से सुनवाई 26 अगस्त के लिए स्थगित की गयी है।

# लद्दाख में सेना का वाहन खाई में गिरने से नौ सैनिकों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लेह/भाषा।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में शनिवार को सेना के एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से नौ सैनिकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना दक्षिणी लद्दाख के न्योमा के कियारी के पास हुई।

लेह के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी डी नित्या ने कहा कि सेना के वाहन में 10 जवान सवार थे और यह वाहन लेह से न्योमा की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि रास्ते में वाहन के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन शाम 4.45 बजे खाई में गिर गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेह में एक सड़क दुर्घटना में नौ सैनिकों की मृत्यु होने पर दुख व्यक्त किया। रक्षा मंत्री सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''लद्दाख में लेह के पास एक दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की मौत से दुखी हूं। हम राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे।''

सिंह ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले और घायल हुए सैनिकों की संख्या का उल्लेख किए बिना कहा, ''मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल कर्मियों को फील्ड अस्पताल ले जाया गया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'' एसएसपी नित्या ने बताया कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और सभी घायल सैनिकों को सेना की चिकित्सा इकाई ले जाया गया जहां आठ कर्मियों को मृत घोषित कर दिया गया।

## सरकार ने प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने और घरेलू बाजार में आपूर्ति में सुधार के



लिए शनिवार को प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाया। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया है। निर्यात शुल्क इन खबरों के बीच लगाया गया है कि सितंबर में प्याज की कीमतें बढ़ने की आशंका है।

# गिफ्ट सिटी को वैश्विक स्तर पर प्रमुख वित्तीय केंद्र बनाया जाएगा : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/वार्ता।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि लेखांकन और कराधान पेशेवरों के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा जल्द ही तैयार किया जाएगा ताकि वे दुनिया को सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकें और गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) को लेखांकन और वित्तीय बैक-ऑफ़िस कार्य के लिए वैश्विक केंद्र बनाया जा सके।

श्रीमती सीतारमण ने यहां गांधीनगर के गिफ्ट सिटी में देश के पहले अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) के विकास और प्रगति पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए गिफ्ट सिटी को एक वित्तीय केंद्र के रूप में उन्नत करने के लिए सभी हितधारकों को पहचाने गए मार्गों को पहचानने और समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि चूंकि गिफ्ट आईएफएससी को तेजी से आगे बढ़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है, इसलिए अधिक से अधिक व्यापार को आकर्षित करने और बड़े पैमाने पर निवेश बनाने के लिए प्राथमिकताएं निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने आईएफएससीए और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) दोनों से गिफ्ट को बीमा और पुनर्बीमा के लिए एक प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए अग्रणी वैश्विक बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया।

श्रीमती सीतारमण ने गिफ्ट सिटी में आईएफएससीए मुख्यालय का दौरा किया और वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिवों के साथ आईएफएससी प्राधिकरण के सदस्यों को भी संबोधित किया।

# आईसीसी ने विश्व कप से पहले लांच की शुभंकर जोड़ी

**नई दिल्ली/वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आगामी विश्व कप के लिए करिश्माई जोड़ी ब्रांड शुभंकर की शुरुआत की घोषणा करते हुए कहा कि क्रिकेट प्रशंसकों की अगली पीढ़ी को यह उत्साहित करेगा।

गुरुग्राम में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सदाबहार शुभंकर जोड़ी का अनावरण किया गया। इस मौके पर आईसीसी अंडर-19 महिला और पुरुष विजेता कप्तान शैफाली वर्मा और यश ढुल ने मौजूद थे। आईसीसी का कहना है कि ये पात्र विशिष्ट गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लैंगिक समानता और विविधता के



प्रतीक के रूप में उभरते हैं।

प्रशंसकों के पास 27 अगस्त से पहले प्रतिष्ठित पात्रों के नामकरण में योगदान के महत्वपूर्ण चरण में भाग लेने का अनूठा अवसर होगा। लॉन्च इवेंट में एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला 3डी एनामॉर्फिक वीडियो डिस्प्ले दिखाया गया, जिसमें शुभंकरों की उत्पत्ति और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में शामिल होने की उनकी यात्रा का अनावरण किया गया। आईसीसी के इवेंट प्रमुख, क्रिस टेटली ने कहा हमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले आईसीसी की शुभंकर जोड़ी को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है।

# चुनौतीपूर्ण समय में आशा की किरण बनकर चमक रही है भारतीय अर्थव्यवस्था : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में भारतीय अर्थव्यस्था आशा की किरण बनकर चमक रही है। सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर समाचार पोर्टल मनीकंट्रॉल के 'बुलिश ऑन इंडिया' अभियान संबंधी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मोदी ने कहा, मजबूत वृद्धि और अनुकूल भावना के साथ भविष्य आशाजनक दिखता है। आइए, इस गति को बनाए रखें और 140 करोड़ भारतीयों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करें। बाजार और वित्तीय क्षेत्र की खबरों में विशेषज्ञता रखने वाले पोर्टल ने एक्स पर पोस्ट किया था कि देश की अर्थव्यवस्था ने न केवल चुनौतियों का सामना किया है, बल्कि आशावाद के लिए मंच तैयार करते हुए फली-फूली है। इसमें कहा गया कि पोर्टल का 'बुलिश ऑन इंडिया' अभियान विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत के आर्थिक लचीलेपन और वृद्धि की क्षमता को दिखाता है।

पोर्टल ने एक बयान में कहा कि उसका लक्ष्य वैश्विक आर्थिक मंदी के समय में राष्ट्र द्वारा प्रदान की जाने वाली अद्वितीय क्षमता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देते हुए देश की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख कारकों का विश्लेषण करना है।

## 'भारत में सफल साबित होने वाले उपायों को कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है'

बेंगलूरु/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है और जो उपाय देश में सफल साबित होते हैं उन्हें कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। बेंगलूरु में जी-20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रिस्तरीय बैठक को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुरक्षित और समावेशी समाधान पेश करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत एक विविधतापूर्ण देश है। हमारी दर्जनों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां हैं। यहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं और असंख्य सांस्कृतिक प्रथाओं का पालन होता है। भारत में प्राचीन परंपराओं से लेकर आधुनिक प्रौद्योगिकी तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने कहा कि इतनी विविधताएं होने के कारण भारत समाधान तलाशने के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में सफल साबित होने वाले उपायों को दुनियाभर में कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### जाति न पूछो...

प्रत्याशी का चयन करे दल,
जाति वर्ग का ले आधार।
जब पूछे यदि जाति कोई तो,
देते सब उसको धिक्कार।
धर्म जाति से करे सियासत,
पर करते उससे इन्कार।
नेताओं की लोकतंत्र में,
लीलाएं हैं अपरम्पार।।

# 'दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे का जनवरी में होगा उद्घाटन'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** सड़क परिवजन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि देश में जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और अकेले दिल्ली के आसपास 65 हजार करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है जिससे दिल्ली से कई शहरों तक जाने के समय में बहुत कमी आएगी।



गडकरी ने आज यहां एक टीवी चैनल द्वारा अयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि दिल्ली से मुंबई के लिए एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है। इस एक्सप्रेस-वे पर काम तेजी से चल रहा है और अगले साल जनवरी या फरवरी में इसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। रतलाम तक जल्द ही यातायात शुरु कर दिया जाएगा। उनका कहना था कि इस एक्सप्रेस-वे के बनने से दिल्ली और मुंबई के बीच सड़क मार्ग से महज 12 घंटे में पहुंचा जा सकेगा और रास्तों के आसपास के नजारों का भी आनंद लिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में 65 हजार करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इन परियोजनाओं पर काम पूरा होने से दिल्ली से देहरादून का रास्ता दो घंटे में तय हो सकेगा जबकि दिल्ली से हरिद्वार डेढ़ घंटे में पहुंचा जाएगा। इसी तरह से दिल्ली से जयपुर दो घंटे, चंडीगढ़ ढाई घंटे, अमृतसर चार घंटे तथा कटरा की दूरी दिल्ली से छह घंटे में पूरी की जा सकेगी।

गडकरी ने कहा कि देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे हैं और 65 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है और सभी परियोजनाओं पर पैसा बचाने का काम किया जा रहा है। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क ढाई प्रतिशत से बढकर चार प्रतिशत हो गया है। इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर देश का 40 प्रतिशत ट्रैफिक है।

उनका कहना था कि जम्मू-कश्मीर और लेह को जोड़ने के लिए जोजिला में सुरंग का निर्माण किया जा रहा है जिससे 12 महीने यातायात को सुचारूरूप से संचालित किया जा सकेगा।

## चित्र प्रदर्शनी



शनिवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का दौरा करते हुए ललित कला अकादमी के अध्यक्ष, चित्रकार प्रो. वी. नागदास और उनके साथ अकादमी के प्रभारी सचिव, राजीव कुमार।

# साधना के माध्यम से आत्मा का हमें कल्याण करना है : साध्वी सुलोचनाश्री

## बसवनगुड़ी दादावाड़ी में हुआ तपस्वियों का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में साध्वी सुलोचनाश्रीजी की निश्रा में पर्युषण महापर्व के सातवें दिवस अपने प्रवचन में कहा कि यह आध्यात्मिक सप्ताह पूर्ण हुआ है और अब हमें संवत्सरी महापर्व मनाना है। हमें भाग्य से यह पर्व मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। आध्यात्म साधना का चिराग लेकर जन-जन को पवित्र बनाने वाले पर्वाधिराज का शुभ दिवस संवत्सरी महापर्व हमारे समक्ष उपस्थित हो चुका है। जिस प्रकार किसी भी त्योहार या पर्व को मनाने कुछ दिन पूर्व ही तैयारी में जुट जाते हैं, ठीक इसी प्रकार संवत्सरी पर्व मनाने सात दिन पूर्व से ही तैयारी में जुट जाते हैं। साधना के माध्यम से आत्मा का हमें कल्याण करना है। इन सात दिनों में अधिक से अधिक साधना आराधना के माध्यम से अपने आत्मा की सफाई करते है फिर आठवें दिवस संवत्सरी पर्व के माध्यम से समकित का बीजारोपण किया जाता है। यह पर्व पवित्रता का पैगाम लेकर आता है जिसमे तन, मन व समय सभी का सार्थक उपयोग करते हुए आत्मा को पवित्र बनाने का पुरुषार्थ किया जाता है। साधना के माध्यम से आत्मा का कल्याण करना है। जिस प्रकार नदी में गंगा नदी, पक्षियों में गरूड़ पक्षी, पुष्पों में कमल व पर्वत में मेरु पर्वत श्रेष्ठ माने जाते हैं, ठीक उसी प्रकार पर्व में सर्वश्रेष्ठ पर्व महापर्व संवत्सरी को कहा जाता है, जिसे तीर्थंकर देव भी मनाते हैं। हमें बड़े ही भाग्य से यह पर्व मनाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। दादावाड़ी ट्रस्ट द्वारा शनिवार को अट्ठाई और उससे ऊपर के तपस्यार्थियों का सम्मान किया गया तथा गुरुवर्या से आठ उपवास के प्रत्याख्यान लिए।


## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



भारतीय राजपूताना सेवा संगठन के सदस्यों ने कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस एडीजीपी सीमांत सिंह को भारत सरकार द्वारा विशिष्ट सेवा मेडल से मिलने पर उनसे मुलाकात कर उनका सम्मान किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिलसिंह सिकरवार, राष्ट्रीय महासचिव और कर्नाटक राज्य राजपूत महासभा के अध्यक्ष प्रेमसिंह, पूर्व अध्यक्ष भगवानसिंह भाटी, कर्नाटक के उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, व्हाइटफील्ड युवा अध्यक्ष रोहित सिंह, चैनसिंह, मुनचुनसिंह, रवि सिंह आदि ने सम्मान किया। ज्ञातव्य है कि 14 अगस्त को कर्नाटक के 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह को 'राष्ट्रपति पुलिस पदक' से सम्मानित किया गया।

## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न:** गुरुजी, मनुष्य के रूप में हम स्वयं को अनेक प्रकार के संबंधों की मर्यादाओं में बंधा हुआ पाते हैं पर, यह नहीं जानते कि किसी संबंध की गहराई का आधार क्या है ? क्या कोई एक संबंध किसी दूसरे संबंध से जन्म से ही गहरा होता है ? या, फिर व्यवहार में ऐसा हो सकता है? और क्या उसका परीक्षण कर इसे प्रमाणित किया जा सकता है?

**उत्तर:** हरेक संबंध का आरंभ प्रेम से है किंतु आधार भरोसा है।जिसका स्वयं-प्रमाण तो असंदिग्ध रूप से हुआ जा सकता है और, हम में से हरेक को श्रद्धावान होकर वह प्रमाण होना ही चाहिए। किंतु, दूसरे से इसका प्रमाण नहीं मांगना चाहिए क्योंकि ऐसा करने की परिणति स्वयं के उस संबंध के लिए अयोग्य सिद्ध होने में होती है। जन्म से तो वही संबंध सबसे गहरा होता है जिससे स्वयं संबंध का ही जन्म हुआ है, यह तो स्वयंसिद्ध प्रमाण या सत्य है पर, उसकी स्मृति कितनों को या किसे होती है ? अधिकांश की स्मृति तो जीवन पर्यन्त उनके वर्तमान जन्म तक ही सीमित रहती है और, वर्तमान जीवन व्यवहार में तो जो कोई संबंध या व्यक्ति जिस किसी को रास आ जाए उसका सान्निध्य पाने हेतु उसके लिए वही संबंध गहरा हो सकता है भले ही वह कोई भी संबंध या व्यक्ति हो।



# जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार, प्रधानमंत्री ने की सराहना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंचने को एक अहम पड़ाव करार दिया और इस उपलब्धि की सराहना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर लिखा, यह देखकर खुशी हुई कि इनमें से आधे से अधिक खाते महिलाओं के हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि देश में जनधन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से 56 फीसदी खाते महिलाओं के हैं।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इनमें से लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।

इस उपलब्धि को एक अहम पड़ाव करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, यह देखकर खुशी हो रही है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं। 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय समावेश का लाभ हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जनधन खातों में कुल जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, जबकि इन खातों के साथ लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं।

मोदी सरकार ने 2014 में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए जनधन बैंक खाते खोलने के वास्ते बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया था, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित कई वित्तीय सेवाओं को गरीबों के लिए सुलभ बनाना था।



# तेरापंथ फोरम के स्वास्थ्य शिविर में सैंकड़ों लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के तत्वावधान में शनिवार को गांधीनगर तेरापंथ भवन में टीपीएफ आरोग्यम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डायाबिटीज एचबीए1सी, हृदय, किडनी, लीवर, थायराइड, बीपी, बीएमआई की जांच की गई। इस शिविर से करीब 100 लोग लाभान्वित हुए।

एमफाइन टीम ने चिकित्सीय सेवाएं दी। शिविर का उद्घाटन आशा सीएल नाहर ने किया। टीपीएफ बेंगलूरु के अध्यक्ष हितेश गिरिया, मंत्री पीयूष डागा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत, राष्ट्रीय सहमंत्री लक्ष्मीपत मालू, दक्षिण जोन मंत्री श्रवण सियाल, शिविर के संयोजक संदीप बरडिया और जयेश दूगड़ उपस्थित थे।

## ईरान के राष्ट्रपति के साथ बैठक होने की उम्मीद कर रहा हूं : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका में 23-24 अगस्त से होने जा रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी के साथ बैठक होने की उम्मीद कर रहे हैं। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को फोन पर बातचीत की और चाबहार बंदरगाह की पूर्ण क्षमता को वास्तविकता में तब्दील करने सहित कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर कहा, ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैयद इब्राहिम रईसी से कल बात कर खुश हूं। हमने चाबहार बंदरगाह की पूर्ण क्षमता को वास्तविकता में तब्दील करने सहित द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रपति रईसी के साथ बैठक होने की उम्मीद करता हूं।

# महाराष्ट्र : उद्योगपति रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को शनिवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्थापित प्रथम 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने 'टाटा संस' के 85 वर्षीय मानद चेयरमैन को यह पुरस्कार दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित उनके आवास पर प्रदान किया।

पुरस्कार में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) की ओर से एक शॉल, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह शामिल था। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि टाटा को 'उद्योग रत्न' के रूप में सम्मानित करने से पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा, सभी क्षेत्रों में टाटा समूह का गहन योगदान है। टाटा का मतलब 'भरोसा' है। टाटा समूह छह महाद्वीपों के 100 से अधिक देशों में कारोबार करता है।



# जेबीएन साउथ की 'चार पर चर्चा' व्यवसायिक बैठक ईआईएमआर में सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बिजनेस नेटवर्किंग (जेबीएन) बेंगलूरु साउथ के तत्वावधान में 'चार पर चर्चा' बैठक क्क़ा आयोजन हुआ जिसमें व्यावसायिकों को अपनी कारोबारी यात्रा को 'सुपरचार्ज' करने का मौका मिला। शहर के ईआईएमआर में आयोजित यह कार्यक्रम साउथ चेप्टर्स के जेबीएन ट्रेंडसेटर लीडर्स, जेबीएन ट्रेण्डसेटर यूनिकोर्न्स और जेबीएन ट्रेंडसेटर्स अचीवर्स के सदस्यों ने भाग लिया। इस खास बैठक में जेबीएन चेन्नई चैप्टर और जीतो प्रोफ़ेशनल फोरम (जेपीएफ़) के सदस्यों ने भी शिरकत की। कामयाबी की दिशा में आपसी सहयोग बनाने और एक दूसरे की मदद से स्वयं के विकास और व्यापार के विस्तार की बाबत चर्चा हुई। अपने अपने क्षेत्र के दिग्गज उद्यमियों ने कारोबारी कामयाबी के तमाम पहलुओं और अपने अनुभवों को साझा किया। चेप्टर चेयरमैन दिनेश बोहरा, सचिव दीपक श्रीश्रीमाल, समन्वयक विक्रम बागरेचा तथा सह समन्वयक राजेश भंसाली के मार्गदर्शन में हुई बैठक में ट्रेंडसेटर्स लीडर समूह के अध्यक्ष चिराग कटारिया, उपाध्यक्ष राजीव नाहटा, सचिव आशीष समदरिया, ट्रेंडसेट्र्स अचिवर्स के अध्यक्ष शुभम भंडारी, ट्रेंडसेट्र्स यूनिकोर्न की अध्यक्ष नेहा चौधरी, उपध्यक्ष चेतन पोरवाल व सचिव अश्विन जैन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के प्रायोजक अनूप श्रीश्रीमाल थे। दिनेश बोहरा ने अपने विचार व्यक्त किए।

# अगर राकांपा, शिवसेना के साथ जा सकती तो भाजपा के साथ क्यों नहीं : सुनील तटकरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अजित पवार गुट के नेता सुनील तटकरे ने शनिवार को कहा कि राकांपा अगर विचारधारा में अंतर होने के बावजूद शिवसेना से गठबंधन कर सकती है तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से क्यों नहीं हाथ मिला सकती। शरद पवार द्वारा स्थापित राकांपा के नेता अजित पवार सहित नौ विधायकों ने पिछले महीने पार्टी को तोड़ने के बाद भाजपा से हाथ मिला लिया था और राज्य सरकार में मंत्री पद की शपथ ली थी।

महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक के तौर पर अविभाजित राकांपा ने कांग्रेस और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना से गठबंधन किया था, लेकिन एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना में बगावत होने पर एमवीए सरकार गिर गई थी। तटकरे ने यहां आयोजित पार्टी कार्यक्रम में कहा, 2019 में हम भाजपा और शिवसेना के खिलाफ लड़े। जब नतीजे (विधानसभा चुनाव के) आए तब शरद पवार ने एमवीए गठन की पहल की। इसके बाद हमने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बनाई। उन्होंने कहा, वैचारिक मतभेदों के बावजूद हमने शिवसेना के साथ गठबंधन किया। अब अगर हम भाजपा के साथ हैं तो इसमें क्या समस्या है। तटकरे ने कहा कि राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए गए अजित पवार ने अपनी कड़ी मेहनत की वजह से पुणे के लोगों का भरोसा जीता है। उन्होंने कहा, यहां तक कि कुछ सप्ताह पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (यहां आने पर) ने इस बारे में बात की थी।

राकांपा नेता ने कहा कि वे अब भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा हैं, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, हम वे लोग हैं जो साहू (छत्रपति साहूजी महाराज), (सावित्री ज्योतिबा फुले) और आम्बेडकर से प्रेरित हैं।

## 'कैग की रिपोर्ट से साबित हुआ कि 'उड़ान' योजना सिर्फ 'जुमला' है'



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को दावा किया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है कि केंद्र की महात्वाकांक्षी 'उड़ान' योजना 93 प्रतिशत हवाई मार्गों पर लागू नहीं है।

उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि लोगों को इस योजना के नाम पर सिर्फ झूठ और जुमले मिले हैं। सरकार ने द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों में जनता के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाने के लिए 21 अक्टूबर, 2016 को 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) के नाम से योजना शुरू की थी। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का हवाई चप्पल पहन, हवाई सफ़र करने का वादा उनके हर वादे की तरह हवा-हवाई हो गया! ये हम नहीं कह रहे हैं, कैग की रिपोर्ट कह रही है! योजना 93 प्रतिशत हवाई मार्गों पर नहीं चली। विमान सेवा परिचालन कंपनियों का स्वतंत्र ऑडिट भी नहीं हुआ। बहुप्रचारित हेलीकॉप्टर सेवाएं भी ठप रहीं। उन्होंने कहा, नहीं मिली 'उड़ान, सिर्फ़ झूठी बातें और जुमलों का बखान! ऐसी नाकारा सरकार को अब माफ़ नहीं करेगा हिंदुस्तान!



# विश्वविद्यालय छात्रों को भविष्य के प्रति तैयार करने के लिए नई प्रौद्योगिकी संग तालमेल बिठाएं : सिन्हा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को विश्वविद्यालयों को सलाह दी कि वे नई प्रौद्योगिकियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए खुद में बदलाव लाएं और सुधार करें तथा विद्यार्थियों को अज्ञात भविष्य में सफल होने में मदद करें। कटरा में श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के 20वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा, यह सही वक्त है कि हम इस बात को अहसास करें कि जिस पारंपरिक शिक्षण प्रक्रिया और शिक्षा को हमने दशकों से जाना है, उनका अस्तित्व भविष्य में नहीं रहेगा।

उपराज्यपाल ने इस मौके पर 70 करोड़ रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। नई प्रौद्योगिकियों के सामने आने तथा समाज पर उसके असर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा के अत्याधुनिक उपकरण और नई प्रौद्योगिकियों के विस्फोट से सामाजिक समानता आई है। उन्होंने कहा, जिस तरह हम बेहतर दुनिया के लिए ज्ञान एकत्र करते हैं, उसका प्रसंस्करण और उपयोग करते हैं, उसका तौर तरीका बदल रहा है। यह बदलाव हर व्यक्ति के आगे बढ़ने एवं तरक्की करने के लिए विपुल अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को बदलावों के अनुसार खुद को ढालने, बदलाव लाने और सुधार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित विश्व में शिक्षा में जरूरी बदलाव से विद्यार्थी पारंपरिक अकादमिक सामग्री, विविध पारंपरिक पाठ्यक्रमों से मुक्त होंगे और अज्ञात भविष्य में सफल होने के लिए जरूरी कौशल एवं योग्यता से लैस होने के लिए उन्हें प्रशिक्षण मिलेगा।

उपराज्यपाल ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती विद्यार्थियों को उन नौकरियों के लिए तैयार करना है जो अभी तक मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसा कौशल प्रदान करने की आवश्यकता है जो प्रासंगिक बने रहें और परिवर्तन की बढ़ती गति के पूरक हों।

## जी20: मांडविया ने डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक रणनीति से संबंधित प्रयासों पर केंद्रित पहल शुरू की



**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के दूसरे और आखिरी दिन यहां महात्मा मंदिर सम्मेलन केंद्र में 'डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल- एक डब्ल्यूएचओ प्रबंधित नेटवर्क' (जीआईडीएच) की शुरुआत की। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम की उपस्थिति में पहल की शुरुआत की। पीआईबी की विज्ञप्ति में कहा गया कि यह पहल भविष्य के निवेशों के प्रभाव को बढ़ाने के लिए पारस्परिक जवाबदेही को मजबूत करते हुए स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य में हालिया और पिछले लाभ को आगे बढ़ाएगी।

विज्ञप्ति में मंत्री के हवाले से कहा गया, भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत डिजिटल स्वास्थ्य हस्तक्षेप अभिसरण के माध्यम से एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य ढांचा विकसित करने के इसके अनुभव का लाभ उठाया गया है, जिसका उद्देश्य अंतर-संचालन क्षमता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना है। मांडविया ने जी20 को धन्यवाद दिया और देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा अन्य हितधारकों को सामूहिक रूप से एक सामान्य ढांचे की आवश्यकता को पहचानने और 'डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल - एक डब्ल्यूएचओ प्रबंधित नेटवर्क' के माध्यम से व्यापक डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए आमंत्रित किया।

# केसीआर ने जाति और धर्म से परे सभी लोगों के लिए विकास सुनिश्चित किया : केटी रामाराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मंत्री के.टी.रामाराव ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने जाति और धर्म से परे समाज के सभी वर्गों के लिए विकास सुनिश्चित किया है और उनकी वापसी 'हैट्रिक मुख्यमंत्री'(लगातार तीसरी बार) के तौर पर होनी चाहिए। तेलंगाना में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। 'स्टील ब्रीज' का उद्घाटन करने के बाद राज्य के नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री रामाराव ने कहा कि 2014 से ही भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की सरकार ने हैदराबाद को वैश्विक शहर बनाने की मजबूत नींव रखी है।

रामाराव ने कहा कि संपत्ति में वृद्धि और उसका वितरण तभी संभव है जब जाति और धर्म से परे जाकर समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा जाए और अवसंरचना विकास और रोजगार सृजन जैसे बहु आयामी विकास शहर में हो। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हैदराबाद में कुछ पार्टियों और नेताओं की विभाजनकारी राजनीति की वजह से कर्फ्यू लगता था, लेकिन बीआरएस शासन में सभी समुदाय सद्भावना के साथ रह रहे हैं। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के बेटे रामाराव ने कहा, अगर हमने गलती की तो हैदराबाद की स्थिति 100 साल पीछे चली जाएगी। विपक्षी दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए रामाराव ने कहा कि 50 साल तक सत्ता में रहे लोगों ने विकास के लिए कुछ नहीं किया जबकि केंद्र की सत्ता में रहने वालों ने तेलंगाना के लिए कुछ नहीं किया और जाति या धर्म के नाम पर समस्या उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष रामाराव ने कहा कि चंद्रशेखर राव को तीसरी बार मुख्यमंत्री चुनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हैदराबाद को देश में आदर्श मॉडल की तरह विकसित किया जाएगा। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक तेलंगाना सरकार की महत्वाकांक्षी रणनीतिक सड़क विकास योजना (एसआरडीपी) के तहत वृहद हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने 'स्टील फ्लाई ओवर'का निर्माण कराया है जो शहर में अपनी तरह का पहला पुल है।

**दौरा** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के अशोकनगर में तूफान जल निकासी कार्य की प्रगति का निरीक्षण करते हुए सरकार के मुख्य सचिव शिवदास मीणा और अन्य अधिकारीगण।

**निरीक्षण** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई के नंदमबक्कम में चेन्नई ट्रेड सेन्टर में अतिरिक्त प्रदर्शनी और सम्मेलन हॉल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शनिवार को सरकार के मुख्य सचिव शिवदास मीणा ने इस प्रगति कार्य का निरीक्षण किया।

# सात तरह के वैज्ञानिक पेलोड लेकर जाएगा पहला सूर्य मिशन आदित्य-एल1

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अगले कुछ दिनों में अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन 'आदित्य-एल1 उपग्रह' सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। खास बात यह है कि यह सभी पेलोड देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किये गये हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जायेगा। इनमें सौर कोरोना और कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी),



अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेने तथा यूवी के निकट सौर विकिरण भिन्नता को मापने के लिए सौर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) पेलोड है। जबकि सौर पवन और उनका ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज़्मा एनालाइज़र पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए)पेलोड हैं। इसी तरह ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे फ्लेयर्स का अध्ययन करने के लिए सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एसओएलइएक्सउस) और हाई एनर्जी एल-1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे हैं। अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए सक्षम मैग्नेटोमीटर पेलोड लगा है। आदित्य-एल1 के सभी वैज्ञानिक पेलोड देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। वीईएलसी उपकरण भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बैंगलोर में विकसित किया है, एसयूआईटी उपकरण इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे में ,जबकि भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद ने एएसपीईएक्स उपकरण बनाया है जबकि अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने पीएपीए पेलोड विकसित किया है। सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के निकट सहयोग से विकसित किए गए हैं।

## कोरोनल हीटिंग, सौर पवन वेग को समझना सूर्य मिशन का प्रमुख उद्देश्य : इसरो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** सूर्य का अध्ययन करने के लिए अपने पहले सौर अंतर-ग्रहीय मिशन की तैयारी में जुटे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि आदित्य -एल1 अंतरिक्ष यान के प्रमुख वैज्ञानिक उद्देश्यों में कोरोनल हीटिंग और सौर पवन वेग को समझना है।

इसरो ने कहा कि आदित्य -एल1 अंतरिक्ष यान को पोलर सैटेलाइट लांच व्हिकल (पीएसएलवी) के माध्यम से पृथ्वी की निचली कक्षा(एलइओ) प्रक्षेपित किया जायेगा। अन्य उद्देश्यों में कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), फ्लेयर्स और निकट-पृथ्वी अंतरिक्ष मौसम की शुरुआत को समझना शामिल है। यह सौर वातावरण में सौर पवन वितरण और तापमान अनिसोट्रॉपी के साथ साथ युग्मन और गतिशीलता को भी समझता है

इसरो ने सूर्य मिशन की विशिष्टता पर कहा कि यह पहली बार निकट यूवी बैंड में स्थानिक रूप से विघटित सौर डिस्क का अध्ययन करेगा जो सीएमई गतिशीलता सौर डिस्क के करीब होगी जिससे सीएमई के त्वरण शासन में जानकारी प्रदान की जाएगी जो लगातार नहीं देखी जाती है।

अनुकूलित अवलोकनों और डेटा वॉल्यूम के लिए सीएमई और सौर फ्लेयर्स का पता लगाने के लिए यान में ऑन-बोर्ड इंटेलिजेंस, बहु-दिशा अवलोकनों का उपयोग करके सौर हवा की दिशात्मक और ऊर्जा अनिसोट्रॉपी जैसी अनूठी विशेषताएं शामिल हैं।

# सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को इसके प्रभावों को लेकर अधिक सावधान रहना चाहिए : न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महिला पत्रकारों के खिलाफ 2018 में कथित तौर पर अपमानजक टिप्पणियों वाली एक फेसबुक पोस्ट साझा करने के मामले में अभिनेता एवं तमिलनाडु के पूर्व विधायक एस. वे. शेखर की ओर से दायर याचिका खारिज करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वालों को इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में सावधान रहना चाहिए।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की पीठ मद्रास उच्च न्यायालय के 14 जुलाई के उस आदेश के खिलाफ शेखर की ओर से दायर याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें संबंधित मामले में आपराधिक मुकदमा रद्द करने संबंधी उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से कहा, अगर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है, तो उसे इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में अधिक सावधान रहना चाहिए। वकील ने दलील दी कि घटना के दिन शेखर ने अपनी आंखों में कुछ दवा डाल ली थी, जिसके कारण वह साझा की गई अपनी पोस्ट की विषय-वस्तु नहीं पढ़ सके थे। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतनी होती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को सोशल मीडिया का इस्तेमाल जरूरी लगता है तो उसे परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि शेखर ने 19 अप्रैल, 2018 को अपने फेसबुक अकाउंट पर एक अपमानजनक और अश्लील टिप्पणी'' प्रकाशित/प्रसारित की थी, जिसके बाद चेन्नई पुलिस आयुक्त के समक्ष एक शिकायत दर्ज की गई। अदालत ने इस बात का संज्ञान लिया था कि मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी और तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में उनके खिलाफ अन्य निजी शिकायतें भी दर्ज की गई थीं।

शेखर के वकील ने उच्च न्यायालय के समक्ष दलील दी थी कि उन्हें उस संदेश की विषय-वस्तु के बारे में पता नहीं था, जो उन्हें भेजा गया था और उन्होंने इसे केवल अपने फेसबुक अकाउंट से अग्रसारित किया था।

**विश्व फोटोग्राफी दिवस** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## स्टालिन ने फोटो पत्रकारों को बधाई दी, उनकी तस्वीरें खींची

**चेन्नई।** विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाने के लिए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को अपने आवास पर फोटो पत्रकारों से मुलाकात की। आदर्श से हटकर मुख्यमंत्री ने उन फोटो पत्रकारों को कैद करने के लिए एक कैमरा चलाया, जो हर दिन उनकी तस्वीरें खींचते हैं। स्टालिन ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्वीट किया।

# टीएनसीसी नेताओं ने खरगे से मिलने के लिए बेंगलूरु में डेरा डाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के नेतृत्व में बदलाव की अटकलों के बीच राज्य कांग्रेस के एक दर्जन से अधिक नेता, ज्यादातर विधायक और सांसद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने के लिए बेंगलूरु में डेरा डाले हुए हैं।

यह विश्वसनीय रूप से पता चला है कि टीएनसीसी के दो प्रतिनिधिमंडलों, जिनमें टीएनसीसी के मौजूदा अध्यक्ष केएस अलागिरी भी शामिल हैं उन्हें कथित तौर पर मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्य पार्टी इकाई में संभावित नेतृत्व परिवर्तन पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की अनुमति दी थी।

टीएनसीसी के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि अलागिरी बेंगलूरु में खरगे से मुलाकात करेंगे और राष्ट्रीय प्रमुख से 2024 के लोकसभा चुनाव के पूरा होने तक अपना कार्यकाल बढ़ाने का अनुरोध करेंगे।

राज्य कांग्रेस के एक नेता शुक्रवार को खरगे से मिलने वाले एक अन्य प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं उन्होंने बताया कि तमिलनाडु में मौजूदा कांग्रेस विधायक दल के नेता के सेल्वापेरुन्थागई पर राष्ट्रीय नेतृत्व की मजबूत अटकलों के बाद एआईसीसी अध्यक्ष से मिलने पहुंचे थे।

# तमिलनाडु में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या दो साल में हुई तीन गुनी : मुख्यमंत्री

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि राज्य में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सत्ता में आने के बाद दो साल में तीन गुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से स्टार्टअप की वृद्धि के लिए शुरू की गईं कई पहलों का यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि मार्च, 2021 में राज्य में 2,300 पंजीकृत स्टार्टअप थे। सत्ता में आने के बाद लगातार प्रयास करने के कारण दो साल में यह संख्या बढ़कर लगभग तीन गुना 6,800 हो गई।

कोयंबटूर में सीओडीआईएसएसआईए व्यापार मेला को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, तमिलनाडु को स्टार्टअप सहित हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनना चाहिए। सरकार ने स्टार्टअप परिवेश तंत्र का सहयोग करने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं।

# कावेरी विवाद : किसानों ने रखी सर्वदलीय बैठक की मांग

**तिरुचि।** खड़ी कुरुवई फसलों को बचाने और सांबा की खेती की तैयारी के लिए पानी सुनिश्चित करने के लिए, तिरुचि के किसानों ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर से अंतिम क्षेत्र में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी सुनिश्चित करने की अपील की। किसानों ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से कावेरी मुद्दे पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने और कर्नाटक से उचित पानी लेने के लिए कदम उठाने की भी अपील की।

किसानों की शिकायत निवारण बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर एम प्रदीप कुमार ने की। बैठक के दौरान किसानों ने राज्य सरकार से मांग की कि वह कर्नाटक पर मासिक हक का पानी जारी करने के लिए दबाव डाले। बैठक को संबोधित करते हुए, टैंक एंड रिवर अयाकटदार्स वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष पी विश्वनाथन ने कहा कि तिरुचि नदी संरक्षण (आरसी) डिवीजन के तहत कट्टालाईमेट्टू नहर और उय्यनकोंडान नदी सहित 15 सिंचाई नहरों पर निर्भर रहने वाले किसान तैयारी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केवल जब सभी 15 सिंचाई नहरों में पानी का पूरा प्रवाह होगा, तो सांबा की खेती शुरू करना संभव होगा क्योंकि यह अंतिम क्षेत्र तक बहेगा, जिसके लिए कावेरी में विशेष रूप से दाहिने किनारे पर पर्याप्त जल प्रवाह होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इन नहरों पर निर्भर किसानों के पास फिलहाल नहरों के पूरी तरह बहने तक इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। जहां किसान सांबा के बीज बोने के लिए पर्याप्त पानी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं जिन किसानों ने कुरुवई की खेती पूरी कर ली है, वे अपनी खड़ी कुरुवई फसल को बचाने के लिए पानी का इंतजार कर रहे हैं। विश्वनाथन ने कहा कि राज्य सरकार को कर्नाटक से उचित पानी पाने के लिए कदम उठाने चाहिए।

# संहित ने पीजीटीआई में पहला खिताब जीता

**चेन्नई।** गुरुग्राम के संहित बिश्नोई ने शनिवार को यहां आठ अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ इंडिया सीमेंट्स प्रो चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पेशेवर बनने के बाद संहित का यह पहला पीजीटीआई खिताब है। इस 22 खिलाड़ी ने 50 लाख रुपये इनामी टूर्नामेंट को कुल 20 अंडर (66-68-70-64) के स्कोर के साथ अपने नाम किया।

टीएनजीएफ कॉसमॉस गोल्फ कोर्स पर पहली बार आयोजित इस टूर्नामेंट को जीतने के बाद संहित ने कहा, एक पेशेवर के रूप में अपने दूसरे सत्र में खिताब जीतने पर मुझे वास्तव में अच्छा लग रहा है। जब आप जानते हैं कि आपकी कड़ी मेहनत सफल हो रही है, तो इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है।

उन्होंने इस जीत को परिवार और बहन गौरिका बिश्नोई को समर्पित करते हुए कहा, मैं यह जीत अपने माता-पिता और अपनी बहन गौरिका को समर्पित करता हूं जो एक पेशेवर गोल्फर भी हैं। मैं अपने दिन के खेल के बाद उनसे बात करता रहता हूं और अक्सर उनकी सलाह लेता हूं। उनके पास एक पेशेवर गोल्फर के रूप में उनके पास मुझसे कहीं अधिक वर्षों का अनुभव है। बांग्लादेश के जमाल हुसैन (67-69-71-70) 11-अंडर 277 के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

बेंगलूरु के गोल्फर त्रिशूल चिनप्पा ने 65 का शानदार कार्ड खेल 23 स्थान की छलांग लगाई और अपना अभियान संयुक्त तीसरे स्थान पर खत्म किया। चंडीगढ़ के अभिजीत सिंह चड्ढा (70) और कोलकाता के दिव्यांशु बजाज (72) भी 10-अंडर 278 के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। इस जीत से संहित को पुरस्कार के तौर पर साढ़े सात लाख रुपये मिले और पीजीटीआई की सत्र की रैंकिंग में 25वें से नौवें स्थान पर आ गये। टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग में ओम प्रकाश चौहान शीर्ष पर बने हुए है। वह मौजूदा प्रतियोगिता में सात अंडर 281 के स्कोर के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर रहे।

# एक और अभ्यर्थी ने की आत्महत्या, राज्य में 'नीत' की राजनीति गरमाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई के क्रोमपेट में एक 19 वर्षीय छात्र ने 12 अगस्त को आत्महत्या कर ली। जगदीश्वरन ने कक्षा 10 और कक्षा 12 में अच्छे अंक हासिल किए। जगदीश्वरन दूसरी बार नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी- नीट) पास नहीं कर सका। उसने तीसरे प्रयास के लिए एक ट्यूशन सेंटर में दाखिला लिया था। दुर्भाग्य से जगदीश्वरन ने आत्महत्या कर ली। उसका रविवार (13 अगस्त) को अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद जगदीश्वरन के पिता सेल्वासेकर, जो पेशे से एक फोटोग्राफर थे और एकल माता-पिता थे, उन्होंने खुद को फांसी लगा ली, क्योंकि वह अपने बेटे की मौत का दुख सहन नहीं कर सके। वर्ष 2017 में नीट की शुरुआत के बाद से 20 से अधिक छात्रों ने नीट परीक्षा पास करने में असफल होने के बाद अपनी जान दे दी है। तमिलनाडु विधानसभा ने राज्य में एनईईटी (नीट) पर प्रतिबंध लगाने वाले दो विधेयक पारित किए हैं, और मेडिकल प्रवेश के लिए क्वालीफाइंग प्लस टू परीक्षा में अंकों को मानदंड बनाया है।

तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि द्वारा पहले विधेयक को खारिज करने के बाद विधानसभा ने राज्य में एनईईटी को खत्म करने वाला एक और विधेयक पारित किया, जिसे राज्यपाल ने सहमति के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा था। सत्तारूढ़ द्रमुक ने 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान तमिलनाडु के लोगों से वादा किया था कि वह राज्य में एनईईटी को खत्म कर देगी। हालांकि, दो साल बाद भी, स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार राज्य में एनईईटी को समाप्त नहीं कर पाई है और छात्रों को मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए एक विकल्प प्रदान नहीं कर पाई है। हाल ही में तमिलनाडु के राज्यपाल ने उन छात्रों के साथ बातचीत की, जिन्हें एनईईटी पास करने और मेडिकल कॉलेजों में शामिल होने के लिए सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि अगर फैसला उन्हें करना होता तो वह कभी भी एनईईटी को खत्म नहीं करते। इसे राज्य सरकार ने ठीक से नहीं लिया और मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन ने राज्यपाल पर यह कहते हुए हमला बोला था कि तमिलनाडु विधानसभा ने एनईईटी के खिलाफ सर्वसम्मति से उन चार भाजपा विधायकों को छोड़कर विधेयक पारित कर दिया था, जो उस समय सदन से बाहर चले गए थे।

जगदीश्वरन और उनके पिता सेल्वासेकर की मृत्यु ने राज्य में एनईईटी विरोधी आंदोलनों पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। डीएमके युवा विंग के सचिव और तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन, जो मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे भी हैं, ने राज्य में एनईईटी जारी रखने के विरोध में एक दिन की भूख हड़ताल की घोषणा की है। डीएमके के अनुसार, एनईईटी एक परीक्षा थी, जो केवल विशिष्ट छात्रों और उन लोगों के लिए थी जो उच्च स्तरीय कोचिंग संस्थानों की ट्यूशन फीस वहन कर सकते थे। पार्टी की राय है कि एनईईटी के कारण ग्रामीण बैकग्राउंड और सरकारी संस्थानों के गरीब बच्चे पीछे चले गए हैं और समानता के लिए प्लस टू परीक्षाओं के लिए योग्यता अंक को मानदंड बनाया जाना चाहिए। एनईईटी के समर्थकों ने कहा है कि राज्य सरकार निजी मेडिकल कॉलेजों में कैपिटेशन लॉबी के लिए काम कर रही है। अकेले तमिलनाडु में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए निजी मेडिकल कॉलेजों द्वारा छात्रों से लगभग 1,000 करोड़ रुपये एकत्र किए गए थे।



# तमिलनाडु भाजपा को अन्नामलाई की पदयात्रा से भरपूर लाभ की उम्मीद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा को अपनी राज्य इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई द्वारा 'एन मन, एन मक्कल' (मेरी भूमि, मेरे लोग) नाम की पदयात्रा के माध्यम से 2024 के लोकसभा चुनावों में समृद्ध लाभांश की उम्मीद है। पदयात्रा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 28 जुलाई को रामेश्वरम में हरी झंडी दिखाई थी।

फिलहाल यह अब सभी स्थानों पर भारी जन भागीदारी के साथ कन्नियाकुमारी जिले से गुजर रही है। युवा आईपीएस अधिकारी से राजनेता बने अन्नामलाई ने सत्तारूढ़ द्रमुक के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि और दामाद सबरीसन सहित उनके परिवार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है।

भाजपा के सूत्रों के अनुसार पार्टी द्वारा किए गए एक आंतरिक सर्वेक्षण से पता चला है कि अन्नामलाई की यात्रा ने पार्टी की किस्मत को काफी बढ़ावा दिया है और इससे भाजपा को राज्य के लोगों से सीधे जुड़ने में मदद मिली है। दक्षिण तमिलनाडु में, जहां पहले सांप्रदायिक अशांति हुई है, पार्टी क्षेत्र में शांति लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा इस्लामिक संगठन, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर प्रतिबंध लगाने और उसके वरिष्ठ पदाधिकारियों की गिरफ्तारी को उजागर कर रही है। इसने दक्षिण तमिलनाडु के लोगों को भी प्रभावित किया है।

# गहलोत ने कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या के मामलों पर चिंता जताई; समिति गठित करने का दिया निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक देशव्यापी समस्या है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमेशा इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील रही है और समय-समय पर राज्य के कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को तनावमुक्त तथा सुरक्षित माहौल मुहैया कराने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं।

गहलोत ने राज्य में और खास तौर से कोटा के कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या के बढ़ते प्रकरणों के मद्देनजर उनकी रोकथाम के उपाय सुझाने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को उनके निवास पर प्रदेश में संचालित कोचिंग संस्थानों के संचालकों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। संवाद में इन कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं इनसे सम्बन्धित सामयिक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि हालात बदलने का समय आ गया है क्योंकि बच्चों को आत्मघाती कदम उठाते हुए नहीं देखा जा सकता। गहलोत ने कहा कि 9वीं और 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थानों में दाखिला करवाया जाता है जो अपराध जैसा ही है क्योंकि इससे उन पर अतिरिक्त भार पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा, आप 9वीं-10वीं कक्षा के छात्रों को बुलाते हैं। आप कितना बड़ा अपराध कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानों कोई आईआईटीयन (आईआईटी का छात्र) बन गया तो 'खुदा' बन गया। कोचिंग में आते ही छात्रों का स्कूलों में 'डमी' नामांकन करा दिया जाता है। यह माता-पिता की भी गलती है। छात्रों का स्कूलों में 'डमी' नामांकन करवाया जाता है और वे स्कूल नहीं जाते हैं। उन पर बोर्ड परीक्षा पास करने और प्रवेश परीक्षा की तैयारी का दोहरा भार रहता है।

गहलोत ने कहा कि कोटा के बाद जयपुर, सीकर, जोधपुर एवं बीकानेर आदि जिले भी कोचिंग हब के रूप में विकसित हो रहे हैं और कोचिंग संस्थानों से रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध हो रहे हैं तथा राज्य की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए सजग है।

छात्रों की आत्महत्या को देशव्यापी समस्या बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार देश में 2021 में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 13 हजार से भी अधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें महाराष्ट्र में सर्वाधिक 1834, मध्यप्रदेश में 1308, तमिलनाडु में 1246, कर्नाटक में 855 तथा ओडिशा में 834 मामले दर्ज हुए। राजस्थान में यह आंकड़ा 633 है जो दूसरे राज्यों की तुलना में कम है, लेकिन राज्य सरकार इस मुद्दे के प्रति गंभीर तथा संवेदनशील है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि कोटा शहर में सबसे ज्यादा आत्महत्या के मामले एक विशेष संस्थान के ही क्यों हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री को सूचित किया गयाथा कि इस साल कोटा में 21 छात्रों ने आत्महत्या की जिनमें से 14 इसी संस्थान से थे।

संस्थान के एक प्रतिनिधि ने स्पष्ट किया कि कोचिंग संस्थान नौवीं-दसवीं के छात्रों को नहीं बुलाते हैं लेकिन शिक्षा प्रणाली ऐसी है कि माता-पिता अपने बच्चों के लिए बेहतर विकल्प चाहते हैं। इस पर गहलोत ने कहा कि वह किसी खास संस्थान को निशाना नहीं बना रहे हैं बल्कि यह जानना चाहते हैं कि संस्थान में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं क्यों होती हैं।




## गहलोत से मिले नारायण मूर्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति और टेक महिंद्रा के सीईओ सीपी गुरनानी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, नारायण मूर्ति ने राजस्थान के आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा और राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की पोस्ट के अनुसार, नारायण मूर्ति ने राजस्थान के सरकारी आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर में ब्लॉकचैन तकनीक के इस्तेमाल की विशेष रूप से सराहना की।

गहलोत ने लिखा है, हमने नारायण मूर्ति से राजस्थान सरकार के राजीव गांधी कंप्यूटर सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी एवं राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल यूनिवर्सिटी के साथ जुड़ने का निवेदन किया। मुझे प्रसन्नता है कि उन्होंने हमारे प्रस्ताव को स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने नारायण मूर्ति के लिए लिखा है आपके मार्गदर्शन से हमारे युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा एवं उन्हें नए अवसरों की जानकारी मिलेगी।



## भारत विज्ञान के बल पर विश्वगुरू : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सीकर। सीकर जिले के सोभासरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शनिवार को ''वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों के योगदान: प्रो. एस.एन. बोस विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों के योगदान एवं अन्य संबधित विषयों पर विचार विमर्श करते हुये आज के समय की आवश्यकता बताते हुए भारतीय संस्कृति और वैज्ञानिक सरोकारों से नई पीढ़ी को जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रिटिश राज द्वारा भारतीय विज्ञान के विकास तथा भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को सही पहचान न देने के बावजूद भारतीय वैज्ञानिको ने न केवल अपना कार्य जारी रखा बल्कि भारत को नई उपलब्धियां हासिल करने में सहायता की।

जगदीश चन्द्र बसु, महेन्द्र लाल सरकार तथा प्रफुल्ल चन्द रे जैसे अनेक महान वैज्ञानिकों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया की सत्येन्द्र नाथ बोस एवं अन्य वैज्ञानिको ने भारतीय गौरव को विश्व भर में स्थापित किया तथा हमारी प्राचीन विज्ञान परम्परा को फिर से जीवंत किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया एवं नागरिकों को उनके मूल कर्तव्य से अवगत करवाया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सीकर सांसद सुमेधानन्द सरस्वती एवं अन्य सभी शिक्षाविदों ने प्रो. एस.एन बोस की जीवन यात्रा तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपेक्षित वैज्ञानिकों को प्रकाश में लाना रहा।

इस दौरान संभागीय आयुक्त डॉ. मोहन लाल यादव, पुलिस महानिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।



## भाजपा के विधायक जाएंगे प्रदेश की सभी विधानसभाओं में : राजेन्द्र राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। भाजपा के आठ दिवसीय अल्प प्रवासी योजना के तहत शनिवार को जयपुर में प्रवासी विधायकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, विधायक वासुदेव देवनानी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने कहा कि 6 राज्यों से विधायक बैठक में पहुंचे हैं। ये विधायक सभी विधानसभाओं में जाकर अपने अनुभव और उनके राज्यों में हुए नवाचारों के सबंध में स्थानीय लोगों से चर्चा करेंगे। जिस प्रकार यूपी में कानून व्यवस्था सुदृढ हुई है, गुजरात में बजट घोषणाओं को तय समय पर धरातल पर उतारा गया। वहीं दूसरी ओर हमारे प्रदेश में कानून व्यवस्था और पेपर लीक जैसे प्रकरणों से हमारे प्रदेश की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने कहा कि अल्प प्रवासी विधायक जमीनी कार्यकर्ता के तौर पर भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं, पन्ना प्रमुख और शक्ति केन्द्र प्रभारियों सहित पदाधिकारियों से मिलकर चर्चा करेंगे। सभी विधायक विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास के साथ ही बैठकों में भाग लेंगे, जिसमें वे अपने अनुभव साझा करने के साथ प्रदेश की मौजूदा हालातों की समीक्षा करेंगे।

गुजरात के विकास मॉडल की चर्चा आज पूरे देश में है। वहीं जनसंख्या और भोगोलिक स्थतियां विपरीत होने के बावजूद यूपी में आज कानून व्यवस्था बेहद सुदृढ है। योगी सरकार के भय से अपराधी यूपी से भागकर अन्य राज्यों में शिफ्ट हो रहे हैं।



## एकता कपूर ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में की जियारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। बॉलीवुड की मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर शनिवार को विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पहुची। दरगाह के खादिम हाजी इमरान ने उन्हें जियारत करवाई गई। एकता कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की कामयाबी को लेकर दुआ मांगी। मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर के दरगाह में पहुंचने के बाद उनके चाहने वालों की भीड़ लग गई। लोग फोटो खिंचवाने के लिए आतूर नजर आए। दरअसल, बॉलीवुड और टीवी सीरियल की मशहूर प्रड्यूसर एकता कपूर शनिवार को विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पहुंची। एकता कपूर के ने चादर पेश कर अपनी आने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की कामयाबी को लेकर दुआ मांगी। जियारत के बाद खादिमों के द्वारा उनकी दस्तारबंदी कर उन्हें तबरूक भेट दिया गया। मीडिया से बातचीत में एकता कपूर ने कहा कि हर साल ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में दुआ मांगने के लिए आती हैं। इस बार भी उन्हें दरगाह में आने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि दरगाह में आने वाले सभी लोगों की दुआएं पूरी होती हैं। अपनी आने वाली फिल्म को लेकर एकता ने दुआ मांगी है। इसके साथ ही देश में अमन-चैन, शांति और भाईचारा बना रहे इसे लेकर भी दुआ मांगी गई है। एकता कपूर के दरगाह में पहुंचने के बाद उनके चाहने वालों के द्वारा फोटो खिंचवाने के लिए भीड़ लग गई।

## रामदेवरा जा रहे श्रद्धालुओं को बस ने रौंदा, 3 महिलाओं की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर में शनिवार सुबह भयानक हादसा हो गया। हादसे में रामदेवरा जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे को प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। जिसमें तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घटना सुबह की है।

दरअसल, रामदेवरा जा रहे जातरुओं को निजी बस ने कुचल दिया। हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दो महिलाएं बूंदी और एक महिला टोंक जिले निवासी थी। साथ ही अन्य चार जातरू गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों घायल लोगों का उपचार बिलाड़ा ट्रोमा सेंटर में चल रहा है। घायलों की सुध लेने उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार अस्पताल पहुंचे। उप पुलिस अधीक्षक राजवीर सिंह चंपावत ने लिया घटना का जायजा लिया।

रामदेवरा में भाद्रपद का मेला भर रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालु पैदल ही निशान लेकर रामदेवरा पहुंच रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 4.35 बजे जोधपुर-जैसलमेर हाईवे पर बिलाड़ा के समीप पद यात्रियों और जातरुओं के जत्थे को बस ने कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।

अन्य वाहन चालकों और आसपास के लोगों ने घायलों को बिलाड़ा अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को भी सूचना की ।

बिलाड़ा पुलिस थाना एसएचओ सीआई घेवर सिंह गुंसाईवाल ने बताया कि एक्सीडेंट आज सुबह 4.35 बजे नेशनल हाईवे बाइपास पर हुआ। श्रद्धालु रामदेवरा के लिए पैदल जा रहे थे। स्लीपर प्राइवेट बस जयपुर से आ रही थी। जिसने जातरुओं को पीछे से टक्कर मारकर कुचल दिया। सभी घायलों का इलाज बिलाड़ा अस्पताल में चल रहा है। मृतकों में आशा देवी (40 साल) पत्नी भोमाजी निवासी नैनवां (बूंदी), बादाम देवी (35 साल) पत्नी राजेश, निवासी राजनगर देवली (टोंक), प्रेम देवी (50 साल) पत्नी रमेश निवासी देवली (टोंक) की मौत हो गई। जबकि मनभर देवी निवासी हिंडोली, बूंदी, हेमराज निवासी सीतापुरा, टोंक, मीना निवासी नयाबास गोठड़ा, टोंक और नेराजी देवी निवासी नैनवां बूंदी घायल हुए हैं।

## विमुक्त, घुमन्तु वर्ग की छात्राओं को अब 50 प्रतिशत अंक पर ही मिलेगी स्कूटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु वर्ग की छात्राओं को स्कूटी प्राप्त करने के लिए पात्रता में राहत दी है और अब वे उच्च माध्यमिक या समकक्ष परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर ही कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के लिए पात्र होंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने योजना के तहत ऐसी छात्राओं के प्राप्तांक सीमा में शिथिलता प्रदान कर प्राप्तांक में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अभी तक इन वर्गों की छात्राओं के लिए राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक अथवा समकक्ष परीक्षा में 60 प्रतिशत एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक अथवा समकक्ष परीक्षा में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने की अनिवार्यता थी।

अब देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना की तर्ज पर इन वर्गों की छात्राओं के लिए 50 प्रतिशत अंक की पात्रता निर्धारित की गई है। योजना के तहत विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु वर्ग की विशेष योग्यजन छात्राओं के लिए छह स्कूटी आरक्षित भी रखी जाएंगी। पात्र छात्राओं की अनुपलब्धता की स्थिति में इन वर्ग की ही सामान्य छात्राओं को स्कूटियां मिलेंगी ।

## मरीजों को लाभ पहुंचा सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान में कोटा के मेड़िकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. संगीता सक्सेना ने कहा कि जिस प्रकार रेडियोडाइग्नोसिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश ने क्रान्ति ला दी है, उसी प्रकार चिकित्सा विज्ञान का हर विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश के प्रयोग से मरीजों को लाभ पहुँचा सकता है।

मेडिकिल एज्यूकेशन यूनिट के तत्वाधान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यशाला में कहा कि मेड़िकल के समस्त संकाय सदस्यों, पी जी एवं यू जी छात्रों को आज के समय आटिर्फिशियल इंटेलिजेंश को अनिवार्य रूप से सीखना है। राजस्थान प्रदेश में इस विषय पर होने वाली यह पहली कांफ्रेंस हैं।

मेडिकल एज्यूकेशन यूनिट के समन्वयक डॉ. मनोज सालूजा ने एक सतत शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला एवं संकाय सदस्यों और छात्रों से सक्रिय भागीदारी के लिए कहा ताकि बाहर से आये हुए विषय विशेषज्ञों से अधिकतम लाभान्वित हो सकें। कार्यशाला में 170 संकाय सदस्यों, 150 रेजिडेन्ट डाक्टर्स एवं 700 मेडिकल छात्रों ने भाग लिया साथ ही राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी के संकाय सदस्यों एवं पी जी छात्रों ने भी भाग लिया।

वक्ता आईसीएमआर इंसीट्युट के पूर्व निदेशक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश विभाग के प्रमुख डॉ. विश्ववर्धन ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे शोध कार्यों में आटिर्फिशियल इंटेलिजेंश की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग का डाटा जटिल प्रकृति का होता है, इसके विश्लेषण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंश का प्रयोग क्रान्ति ला सकता है।

## चुनाव जीतने वाले को ही दिया जाएगा टिकट : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के जयपुर में हो रही कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक खत्म हो गई है। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और सीएम अशोक गहलोत ने मीडिया से बात की। इस दौरान गहलोत ने कहा कि जीतने वाले उम्मीदवारों को टिकट दिया जाएगा, सिर्फ विनिबिलिटी ही जीतने का मानदंड होगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में एक 90 साल के नौजवान है, वह भी चुनाव जीत गए। इसलिए, पहला और आखिरी मानदंड विनिबिलिटी रहेगा, जो जीतेगा टिकट उसे ही मिलेगा।

इधर, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि 25 से 27 अगस्त तक पीईसी सदस्य 2-2 के ग्रुप में जिलों में जाएंगे और जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। वहां पर भी टिकट दावेदार अपने आवेदन दे सकते हैं। पीसीसी सदस्य अपनी राय से कैंडिडेट के नाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दे सकते हैं। डोटासरा ने कहा- इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई जयपुर आएंगे। 28 से 31 अगस्त तक वह राजस्थान में रहेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में नामों को रखा जाएगा। उसके बाद जिताऊ कैंडिडेटस के टिकट फाइनल किए जाएंगे। मानहानि के मामले को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने कहा- संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के डेढ़ लाख पीड़ित हैं, इसमें अधिकांश राजपूत समाज से हैं। मैं अपने बयान पर कायम हूं। मुझे जेल भेजने की तैयारी हो रही है, तो मैं समझूंगा डेढ़ लाख गरीब आदमी जिनसे ठगी हुई है और गजेंद्र सिंह शेखावत के परिवार के लोग मुलजिम हैं, ये मैं बार-बार कह रहा हूं। क्योंकि मामला कोर्ट में है इसलिए ज्यादा कहना उचित नहीं है, पर इतना कह रहा हूं कि मैंने जो कहा वो एसओजी की रिपोर्ट के आधार पर कहा है। एसओजी की रिपोर्ट आई उससे पहले मैंने कभी नहीं कहा।

### मुलाकात



कोटा में शनिवार को लोक सभा कैम्प कार्यालय में आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।

## उत्तराखंड: ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर दरार पड़ने के बाद जमीन धंसने के संकेत

**गोपेश्वर/भाषा।** उत्तराखंड के चमोली जिले में पुरसाड़ी गांव के पास ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के लगभग 50 मीटर लंबे हिस्से पर दरार पड़ने के बाद जमीन धंसने के संकेत नजर आ रहे हैं। चमोली और नंदप्रयाग के बीच, राजमार्ग का यह हिस्सा अलकनंदा नदी की ओर धंस रहा है। अधिकारियों ने पहाड़ों की ओर से आने वाले वाहनों को धीमी गति से चलाने का चालकों को निर्देश दिया है। चालकों को सतर्क करने के लिए प्रभावित स्थान पर एक पुलिस दल को तैनात किया गया है। यातायात निरीक्षक प्रवीण आलोक ने बताया कि वाहनों की सुरक्षा के लिए भूमि-धंसाव वाले संवेदनशील स्थान पर चमकदार पट्टियां लगाई गई हैं और चालकों को सावधानी से वाहन चलाने के लिए कहा जा रहा है। वर्ष 2013 में आई केदारनाथ आपदा के बाद से पुरसाड़ी के पास जमीन धंसने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इसके परिणामस्वरूप, सरकार ने इस क्षेत्र की बड़ी कंपनियों और विशेषज्ञों को शामिल कर एक सड़क को स्थिर रखने की परियोजना शुरू की और करोड़ों रुपए की लागत से अलकनंदा नदी के किनारे कंक्रीट ब्लॉकों का निर्माण किया गया। इसके बाद जमीन का धंसना रूक गया था।

# लगभग तैयार है नई राष्ट्रीय सहकारी नीति : पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** नई राष्ट्रीय सहकारी नीति लगभग तैयार हो चुकी है और 47 सदस्यीय समिति इसे केंद्र सरकार के पास भेजने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। समिति के चेयरमैन और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पिछले साल घोषणा की थी कि देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त करने के लिए जल्द ही एक इसी के लिए एक नीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा था कि इसकी राष्ट्रीय स्तर की समिति की अध्यक्षता सुरेश प्रभु करेंगे। समिति के सदस्यों में सहकारिता क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारी शामिल हैं। प्रभु ने यहां मर्चेंट्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर पीटीआई-भाषा से कहा, नीति दस्तावेज लगभग तैयार है और इसे दाखिल करने की प्रक्रिया चल रही है। हम अब नीति जारी होने और इसके लागू होने की उम्मीद कर सकते हैं।

पूर्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि नीति में भारत के सामाजिक-आर्थिक आयाम को बदलने की क्षमता है, जिससे कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सहकारी समितियों की हिस्सेदारी में काफी वृद्धि होगी। प्रभु ने कहा कि नीति के पीछे का विचार कानूनी और संस्थागत ढांचे द्वारा समर्थित सहकारी-आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं लंबे समय से सभी प्रकार की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहकारी समितियों से जुड़ा हुआ हूं और उनकी क्षमता जानता हूं। कोई भी आर्थिक गतिविधि लोगों के जीवन में मूल्य बढ़ाएगी, लेकिन सहकारी समितियां धन पैदा करने के साथ-साथ आय फैलाने और वितरित करने में भी मदद करती हैं। उन्होंने कहा, यही कारण है कि सरकार अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों में सहकारी समितियों की हिस्सेदारी बढ़ाने के बारे में सोच रही है।

सहकारी समितियों पर मौजूदा राष्ट्रीय नीति 2002 में बनाई गई थी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 8.5 लाख सहकारी समितियां हैं, जिनका सदस्य आधार लगभग 29 करोड़ है। ये सहकारी समितियां कृषि-प्रसंस्करण, डेयरी, मत्स्य पालन, आवास, बुनाई, ऋण और विपणन जैसी विभिन्न गतिविधियों में लगी हुई हैं।



## आरएसएस-भाजपा अपने लोगों को संस्थागत संरचना के प्रमुख हिस्सों में बैठा रहे : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश की संस्थागत संरचना के प्रमुख हिस्सों में अपने लोगों को बैठा रहे हैं और यहां तक कि मंत्रियों को भी अपने संबंधित मंत्रालयों में निर्णय लेने के लिए आरएसएस के लोगों के साथ काम करना पड़ता है।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को लेह में एक कार्यक्रम में युवाओं के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, भारत में स्वतंत्रता की नींव संविधान है...आप संविधान के नजरिये का समर्थन करने वाली संस्थाओं की स्थापना करके संविधान को क्रियान्वित करते हैं। लोकसभा, राज्यसभा, योजना आयोग, सेना, ये सभी इसके हिस्से हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस अपने लोगों को संस्थागत संरचना के प्रमुख हिस्सों पर रख रही है। उन्होंने दावा किया, यदि आप भारत सरकार के मंत्रियों के पास जाकर उनसे पूछते हैं कि क्या आप वास्तव में अपने मंत्रालयों में निर्णय ले रहे हैं? वे आपको बताएंगे कि आरएसएस के एक सज्जन हैं जिनके साथ हमें काम करना है, वो तय करते हैं कि हमारे मंत्रालय में क्या होना है।

## बिहार के अररिया में पत्रकार की हत्या मामले में चार व्यक्ति गिरफ्तार

**पटना/भाषा।** बिहार के अररिया जिले में पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस ने बताया कि एक हिंदी दैनिक के लिए काम करने वाले यादव की शुक्रवार को प्रेमनगर गांव स्थित उनके आवास पर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सुबह करीब साढ़े पांच बजे यादव के घर पर दस्तक दी और यादव ने जैसे ही दरवाजा खोला, उन पर गोली चला दी। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान जिले के निवासी विपिन यादव, भावेश यादव, आशीष यादव और उमेश यादव के रूप में की गई है।

## सपा में गुंडे-माफिया को पुष्पित पल्लवित करने वाले लोग : ब्रजेश पाठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बलिया (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के भारत छोड़ो आंदोलन वाले बयान पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि सपा अपनी नीतियों से भटकी हुई है, यह असली समाजवादी नहीं है, सपा में गुंडे-माफिया को पुष्पित पल्लवित करने वाले लोग हैं।

उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को बलिया बलिदान दिवस समारोह से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, सपा डीरेल्ड (पटरियों से उतरी हुई) है, वह अपनी नीतियों से भटकी हुई है। यह असली समाजवादी नहीं है। सपा में गुंडे माफिया को पुष्पित पल्लवित करने वाले लोग हैं। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोक जागरण अभियान के तहत शुक्रवार को फतेहपुर में समाजवादी पार्टी के प्रशिक्षण शिविर में भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला बोलते हुए कहा, भाजपा की विचारधारा के लोगों और उनके मातृ संगठन (आरएसएस) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए भारत छोड़ो आंदोलन का विरोध किया था। उसी को छिपाने के लिए अब घर-घर झंडा लगाने का काम करते हैं। सपा पर तीखा प्रहार करते हुए पाठक ने कहा, उत्तर प्रदेश के लोगों ने इन्हें (सपा) हाशिये पर धकेल दिया है। जब सत्ता में रहे, गुंडों व माफिया को बढ़ावा दिया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश के लोग अब कभी भी सपा को स्वीकार नहीं करेंगे। पाठक ने बलिया बलिदान दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन में बलिया के योगदान का स्मरण करते हुए कहा, अंग्रेजों ने दो सौ वर्ष तक गुलाम बनाए रखा। 1942 में आज ही के दिन बलिया आजाद हो गया था। तिरंगा आसमान में लहलहाने लगा था।

## अयोध्या में हो रहे निर्माण कार्यों को समय सारिणी के अनुसार पूरा करें : आदित्यनाथ



**अयोध्या/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अयोध्या में जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं, उन्हें निश्चित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय।

योगी ने कहा कि आगामी दीपोत्सव को देखते हुए तैयारियां की जाए ताकि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले। मुख्यमंत्री ने सरयू होटल में अयोध्या में जारी विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।

मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त आदि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अयोध्या में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की जानकारी उन्होंने ली, जिसमें संक्षिप्त विवरण मण्डलायुक्त ने प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं, उन्हें निश्चित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय। आगामी दीपोत्सव को देखते हुए तैयारियां की जाए। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिगम्बर अखाड़े में पहुंचकर वहां के मंदिर में पूजा की तथा साकेतवासी महंत परमहंस की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## एमएनएफ के पास 10 'सुरक्षित' सीट, अगले चुनाव में मिजोरम की सत्ता में बरकरार रहेंगे: जोरमथांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**आइजोल/भाषा।** मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने विश्वास जताया कि उनकी पार्टी मिजोरम नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) अगले विधानसभा चुनाव में सत्ता बरकरार रखेगी और पार्टी के पास 10 सुरक्षित सीट हैं जिन पर विपक्ष की ताकत न के बराबर है।

चालीस सदस्यीय मिजोरम विधानसभा के लिए चुनाव इस साल के अंत में होना है। जोरमथंगा ने शुक्रवार को यहां पार्टी के एक समारोह में कहा, फिलहाल हम 40 विधानसभा सीट में से 10 पर सुरक्षित स्थिति में हैं। ऐसे क्षेत्रों में विपक्ष का प्रभाव न के बराबर है। विपक्ष के लिए यहां ज्यादा उम्मीद नहीं है। वर्तमान विधानसभा में सत्तारूढ़ एमएनएफ के 27 सदस्य हैं, जबकि मुख्य विपक्षी दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के सात, कांग्रेस के पांच और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक विधायक है। के बिछुआ ने पिछले साल दिसंबर में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और बाद में उन्हें एमएनएफ से निष्कासित कर दिया गया था। पूर्वी तुईपुई, ख्वाजावल, सैतुअल, लेंगटेंग, कोलासिब और सेरलुई निर्वाचन क्षेत्रों को देखें तो उनके (विपक्षी दलों) लिए (इन सीट पर) जीतने की बहुत कम संभावना है। आइजोल में भी विपक्षी दलों की ताकत लगातार कम हो रही है। जेडपीएम पर निशाना साधते हुए एमएनएफ प्रमुख ने कहा कि उनके पास कोई उचित नीति नहीं है। एमएनएफ सत्ता बरकरार रखेगी क्योंकि विपक्ष उनके लिए बड़ा खतरा पैदा नहीं करेगा। निर्वाचन आयोग की 20 सदस्यीय टीम 29 अगस्त को मिजोरम का दौरा करने वाली है।

## मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने में विफल रहे मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाया जाए : माकपा

**अगरतला/इंफाल/भाषा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता जितेंद्र चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने में विफल रहने को लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को पद से हटाया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में हिंसा प्रभावित मणिपुर के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे माकपा की त्रिपुरा इकाई के महासचिव चौधरी ने आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा देश भर के लोगों को बांटने की भाजपा-आरएसएस की रणनीति का हिस्सा है।

चौधरी ने फोन पर पीटीआई-भाषा से कहा, हम मणिपुर में संघर्ष को एक अलग स्थिति के रूप में नहीं देखते, बल्कि लोगों पर शासन करने के लिए उनके बीच विभाजन और अविश्वास पैदा करने की भाजपा-आरएसएस की अखिल भारतीय रणनीति के हिस्से के रूप में देखते हैं। ऐसी घटनाएं हर जगह हो रही हैं। माकपा के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर में तीन राहत शिविरों का दौरा किया और शुक्रवार को राज्यपाल अनसुइया उइके से भी मुलाकात की। चौधरी ने कहा, मणिपुर में स्थिति चिंताजनक है क्योंकि हर गुजरते दिन के साथ अविश्वास बढ़ रहा है। राज्य में बीरेन सिंह सरकार शांति लाने के बजाय, सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कोई भी कदम उठाने में विफल रही है।



## अरुणाचल प्रदेश : भारी बारिश और भूस्खलन की वजह से कई जिलों से संपर्क टूटा

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश में गत कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश और भूस्खलन से कई जिलों से सड़क संपर्क टूट गया है। निचले सियांग जिला के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि भूस्खलन की वजह से जिले के सिजी में अकाजान-लिकाबाली-आलो सड़क बाधित हो गई है।

उन्होंने बताया कि कई वाहन गत कई दिनों से फंसे हुए हैं। निचले सियांग के डीसी मार्तो रिबा ने बताया कि ट्रांस अरुणाचल हाईवे (टीएएच) के उक्त हिस्से (पैकेज-ख और खख) का निर्माण करने वाली कंपनी एमएसवी इंटरनेशनल इंक ने सड़क को खोलने के लिए मशीनों और कर्मचारियों को लगाया है लेकिन भारी बारिश की वजह से काम में बाधा आ रही है क्योंकि अब भी भूस्खलन हो रहा है। सड़क पर से मलबा हटाने के बाद छोटे वाहनों को जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन भूस्खलन के कारण भारी वाहनों को अनुमति नहीं दी गई थी जिसकी वजह से भारी वाहन कुछ दिनों से दोनों ओर फंसे हुए हैं। यह सड़क अरुणाचल प्रदेश के लेपा रादा, पश्चिमी सियांग, ऊपरी सियांग, सियांग, ऊपरी सुबानसिरी और शि योमी जिलों को जोड़ती है। इस बीच, निचले सियांग जिले के प्रशासन ने शनिवार को अगले तीन दिन के लिए सड़क को यातायात के लिए बंद करने का आदेश दिया ताकि मरम्मत कार्य को पूरा किया जा सके।

### गुरुग्राम में भारी बारिश, कई इलाके जलमग्न

**गुरुग्राम/भाषा।** हरियाणा के गुरुग्राम में भारी बारिश की वजह से शनिवार को दिल्ली-जयपुर राजमार्ग की नरसिंहपुर पट्टी सहित शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जलभराव की वजह से यातायात जाम होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन कुछ समय के लिए राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही धीमी रही और स्कूल तथा कार्यालय जाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

## रिंकू सिंह ने कहा, अपनी मां का सपना जी रहा हूं



**डबलिन/भाषा।** अपनी मां का सपना साकार करने वाले युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में जीने और अपने माता पिता को अच्छी जिंदगी देने की अदम्य इच्छा ने उनके लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का मार्ग प्रशस्त किया।

रिंकू ने इंडियन प्रीमियर लीग शानदार प्रदर्शन किया जिसके कारण वह आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे।

रिंकू ने जिओ सिनेमा से कहा, भारतीय टीम में शामिल होने के लिए मैंने काफी पसीना बहाया। खेल के प्रति मेरे जुनून से मुझे समर्थन की कमी और वित्तीय परेशानियों से निपटने में मदद मिली।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, एक चीज जिसने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, वह थी अपने परिवार को अच्छी जिंदगी देना और यह तभी संभव था जबकि मैं खेल में आगे बढ़ता। मेरे अंदर आत्मविश्वास था और उसने मुझे मजबूत बनाया और मुझे आगे बढ़ने में मदद की। रिंकू को वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया लेकिन आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला शुरू होने से पहले ही उनका सपना साकार हो गया।

## हर कोई बुमराह का यह रूप देखने के लिए इंतजार कर रहा था: बिश्नोई



**डबलिन/भाषा।** लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने कहा कि हर कोई जसप्रीत बुमराह के इस रूप को देखने के लिए इंतजार कर रहा था जिन्होंने चोटिल होने के कारण 11 महीने तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहने के बाद वापसी की। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी20 टीम की अगुवाई कर रहे बुमराह ने अपने पहले ओवर में ही दो विकेट लेकर भारत की जीत की नींव रखी। इस तेज गेंदबाज ने 24 रन देकर दो विकेट लिए तथा चार ओवर के अपने स्पेल में 16 गेंदों पर रन नहीं दिए।

बिश्नोई ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, वह लगभग 11 महीने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे थे। उनकी पहली गेंद पांवों पर पड़ी लेकिन उसके बाद उनकी अगली पांच गेंद शानदार थी। हर कोई बुमराह के इस रूप को देखने के लिए इंतजार कर रहा था और उनको वापस लय में लौटते देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा, वह जिस तरह के गेंदबाज हैं, क्रिकेट जगत में हर कोई उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना चाहता है। हर कोई बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा था और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखकर मजा आया।

## जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर का इस्तेमाल चुनावी फायदे के लिए कर रही है सरकार: कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर का उपयोग चुनावी फायदे के लिए कर रही है। जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन 9-10 सितंबर को दिल्ली में होगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जी-20 का गठन 1999 में हुआ था। 19 देश और यूरोपीय संघ इसके सदस्य हैं। इसके गठन से लेकर अब तक 17 देशों में जी20 शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ है। अब भारत का नंबर है। लेकिन यहां इसे लेकर जिस तरह का चुनावी अभियान चलाया जा रहा है और माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, वैसा किसी भी दूसरे देश में नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि वास्तव में ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि लोगों के ज़रूरी मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। हमें याद रखना चाहिए कि इसी नई दिल्ली में 1983 में 100 से अधिक देशों का गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन और उसके बाद राष्ट्रमंडल देशों का शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हो चुका है। फिर मुझे आडवाणी की वह बात याद आ रही है। 5 अप्रैल 2014 को उन्होंने मोदी को शानदार इवेंट मैनेजर बताया था। जनता का ध्यान भटकाने को प्रधानमंत्री इवेंट मैनेजमेंट ही कर रहे हैं।

# कंपाउंड तीरंदाजों ने पुरुष व महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**पेरिस/भाषा।** भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्वकप के चौथे चरण में शनिवार को यहां पुरुष और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते।

इस स्पर्धा में भारतीय टीम का अभियान कुल पांच पदकों के साथ खत्म हुआ। अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले और प्रथमेश जावकर की चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने क्रिस शेफ़, जेम्स लुत्ज़ और सॉयर सुलिवन की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम को 236-232 से हराया।

इस महीने के शुरू में बर्लिन में विश्व चैंपियन बनने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कंपाउंड महिला टीम ने मैक्सिको के खिलाफ कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद एक अंक से जीत दर्ज की। भारत ने इस तरह से सत्र के आखिरी विश्वकप में अभी तक दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत लिए हैं।

भारत के लिए तीसरा कांस्य ज्योति ने व्यक्तिगत वर्ग में हासिल किया। ज्योति ने शूट-ऑफ में पांच बार की विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता कोलंबिया की सारा लोपाज को हराया। दोनों के बीच मुकाबला 146-146 की बराबरी पर छूटने के बाद भारतीय तीरंदाज ने टाईब्रेकर में 'एक्स' (केंद्र के करीब) पर सटीक निशाना साधकर प्रतियोगिता में अपना दूसरा पदक हासिल किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने अंडर-20 विश्व खिताब जीतने वाली महिला पहलवान टीम की प्रशंसा की



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय महिला पहलवानों द्वारा अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप में पहली बार टीम खिताब जीतने की प्रशंसा करते हुए इसे बड़ी जीत करार दिया। मोदी ने 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर कहा, भारतीय महिला पहलवानों की शानदार जीत। हमारी टीम ने तीन स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप 2023 में महिला कुश्ती टीम खिताब जीता। प्रधानमंत्री ने कहा अंतिम पंघाल का प्रदर्शन यादगार था क्योंकि उन्होंने अपना खिताब बरकरार रखा और दो बार जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।

## एशियाड के लिए चुनी गई टीम में कई अनफिट खिलाड़ी, रानी रामपाल का दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत की दिग्गज हॉकी महिला खिलाड़ी रानी रामपाल ने दावा किया है कि एशियाई खेलों के लिए चुनी गई टीम में कई अनफिट खिलाड़ी शामिल हैं और साथ ही माना कि वह 'रिटायर' होने के 'मूड' में नहीं हैं।

हॉकी इंडिया द्वारा जारी संभावित टीम में रानी हांगझोउ जाने वाली टीम का हिस्सा नहीं हैं जबकि वह टोक्यो ओलंपिक के बाद लगी चोट से वापसी कर चुकी हैं। टोक्यो ओलंपिक में रानी की अगुआई में भारतीय महिला टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था। रानी चोट से वापसी के बाद गुजरात में हुए पिछले राष्ट्रीय खेलों में शीर्ष स्कोरर रही थीं, उन्होंने हरियाणा के विजय अभियान में 18 गोल किए थे। इसके बावजूद रानी परेशान नहीं हैं क्योंकि खेल ने उन्हें जिंदगी में सबकुछ दिया है। उन्होंने पीटीआई से कहा, मैं अपनी जिंदगी के उस चरण में हूं जहां मुझे कुछ भी साबित नहीं करना है। मैंने जिंदगी में हॉकी के जरिये लगभग सबकुछ हासिल कर लिया है लेकिन मुझे लगा कि राष्ट्रीय खेल मेरे लिए वापसी का मौका थे। उन्होंने कहा, मैंने कोशिश की और मैं राष्ट्रीय खेलों में खेली। मैं शीर्ष स्कोरर रही लेकिन फिर भी मेरे नाम पर विचार नहीं किया गया। इसलिए प्रदर्शन को लेकर कोई मुद्दा नहीं था। रानी ने कहा, मेरे पास प्रदर्शन है, फिटनेस है, सबकुछ है, लेकिन कहीं पर कोई मुझे लेकर असुरक्षा की भावना से ग्रस्त था, भले ही यह खिलाड़ी हो या कोच। हो सकता है कुछ ईर्ष्या हो। लेकिन मैं अपने काम करने में भरोसा करती हूं। मैं जानती हूं कि मैं एशियाई खेलों की टीम में नहीं हूं, टीम में काफी खिलाड़ी हैं जो अनफिट हैं और मैं उनके नाम नहीं लेना चाहती लेकिन फिर भी वे एशियाई खेलों के लिए जा रही हैं।

## सुविचार

**जीवन में कोई भी काम जब तक कठिन लगता है, जब तक उसे करने के लिए आप अपना कदम नही बढ़ाते।**

## ट्वीट

अखण्ड सुहाग एवं उन्नति के पावन पर्व 'हरियाली तीज' की आप सभी को हार्दिक बधाई। भगवान शिव एवं मां गौरा आप सभी की मनोकामनाएं पूरी करें तथा जीवन में सदैव खुशहाली, उमंग व सुख-समृद्धि का वास हो।तीज का यह त्यौहार माताओं-बहनों के सम्मान एवं हरियाली का प्रतीक है।

-वसुंधरा राजे

अलवर में लकड़ी काटने गये युवकों पर वन विभाग की टीम का हमला और एक युवक की मौत की घटना राजस्थान के जंगलराज का ताजा उदाहरण है। जब सरकारी कारिंदे ही अपराधी की भांति मॉब लिंचिंग जैसी घटना को अंजाम देंगे तो प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़ना लाजिमी है।

-राजेन्द्र राठौड़

## प्रेरणास्पद कथा

अनुराग शर्मा

# पिताजी आपने मेरे लिए क्या किया?



अजी सुनते हो? राहूल को कम्पनी में जाकर टिफ़िन दे आओगे क्या?

क्यों आज राहूल टिफ़िन लेकर नहीं गया।? शरद राव ने पूछा।

आज राहूल की कम्पनी के चेयरमैन आ रहे हैं, इसलिये राहूल सुबह 7 बजे ही निकल गया और इतनी सुबह खाना नहीं बन पाया था। ठीक हैं। दे आता हूँ मैं। शरद राव ने हाथ का पेपर रख दिया और वो कपडे बदलने के लिये कमरे में चले गये। पुष्पाबाई ने राहत की साँस ली। शरद राव तैयार हुए मतलब उसके और राहूल के बीच हुआ विवाद उन्होंने नहीं सुना था।

विवाद भी कैसा? हमेशा की तरह राहूल का अपने पिताजी पर दोषारोपण करना और पुष्पाबाई का अपनी पति के पक्ष में बोलना।

विषय भी वही! हमारे पिताजी ने हमारे लिये क्या किया? माँ! मेरे मित्र के पिताजी भी शिक्षक थे, पर देखो उन्होंने कितना बडा बंगला बना लिया। नहीं तो एक ये हमारे पापा (पिताजी)। अभी भी हम किराये के मकान में ही रह रहे हैं।

राहूल, तुझे मालूम हैं कि तुम्हारे पापा घर में बडे हैं। और दो बहनों और दो भाईयों की शादी का खर्चा भी उन्होंने उठाया था। सिवाय इसके तुम्हारी बहन की शादी का भी खर्चा उन्होंने ने ही किया था। अपने गांव की जमीन की कोर्ट कचेरी भी लगी ही रही। ये सारी जवाबदारियाँ किसने उठाई?

क्या उपयोग हुआ उसका? उनके भाई-बहन बंगलों में रहते हैं। कभी भी उन्होंने सोचा कि हमारे लिये जिस भाई ने इतने कष्ट उठाये उसने एक छोटा सा मकान भी नहीं बनाया, तो हम ही उन्हें एक मकान बना कर दे दें ?

एक क्षण के लिए पुष्पाबाई की आँखें भर आईं। क्या बतायें अपने जन्म दिये पुत्र को बाप ने क्या किया मेरे लिये पूछ रहा हैं?

फिर बोली .... तुम्हारे पापा ने अपना कर्तव्य निभाया। भाई-बहनों से कभी कोई आशा नहीं रखी। राहूल मूर्खों जैसी बात करते हुए बोला - अच्छा वो ठीक हैं। उन्होंने हजारों बच्चों की ट्यूशन्स ली। यदि उनसे फीस ले लेते तो आज पैसों में खेल रहे होते। आजकल के क्लासेस वालों को देखो। इंपोर्टेड गाड़ियों में घुमते हैं।

यह तुम सच बोल रहे हो। परन्तु, तुम्हारे पापा ( पिताजी) का तत्व था, ज्ञान दान का पैसा नहीं लेना। उनके इन्हीं तत्वों के कारण उनकी कितनी प्रसिद्धि हुई। और कितने पुरस्कार मिले। उसकी कल्पना हैं तुझे।

ये सुनते ही राहूल एकदम नाराज हो गया। क्या चाटना हैं उन पुरस्कारों को? उन पुरस्कारों से घर थोडे ही बनते आयेगा। पडे ही धूल खाते हुए। कोई नहीं पूछता उनको। इतने में दरवाजे पर दस्तक सुनाई दी। राहूल ने दरवाजा खोला तो शरद राव खडे थे। पापा ने उनका बोलना तो नहीं सुना इस डर से राहूल का चेहरा उतर गया। परन्तु, शरद राव बिना कुछ बोले अन्दर चले गये। और वह वाद वहीं खत्म हो गया।

ये था पुष्पाबाई और राहूल का कल का झगड़ा, पर आज .... शरद राव ने टिफ़िन साईकिल को अटकाया और तपती धूप में औद्योगिक क्षेत्र की राहूल की कम्पनी के लिये निकल पडे। सात किलोमीटर दूर कंपनी तक पहुचते - पहुंचते उनका दम फूल गया था।

कम्पनी के गेट पर सिक्युरिटी गार्ड ने उन्हें रोक दिया। राहूल पाटील साहब का टिफ़िन देना हैं। अन्दर जाँऊ क्या? अभी नहीं सहाब आये हुए है । गार्ड बोला। चेयरमैन साहब आये हुए हैं। उनके साथ मिटिंग चल रही हैं। किसी भी क्षण वो मिटिंग खत्म कर आ सकते हैं। तुम बाजू में ही रहिये। चेयरमैन साहब को आप दिखना नहीं चाहिये।

शरद राव थोडी दूरी पर धूप में ही खडे रहे। आसपास कहीं भी छांव नहीं थी। थोडी देर बोलते बोलते एक घंटा निकल गया। पांवों में दर्द उठने लगा था। इसलिये शरद राव वहीं एक तप्त पत्थर पर बैठने लगे, तभी गेट की आवाज आई। शायद मिटिंग खत्म हो गई होगी। चेयरमैन साहेब के पीछे-पीछे कई अधिकारी और उनके साथ राहूल भी बाहर आया। उसने अपने पिताजी को वहाँ खडे देखा तो मन ही मन नाराज हो गया।

चेयरमैन साहब कार का दरवाजा खोलकर बैठने ही वाले थे तो उनकी नजर शरद राव की ओर उठ गई। कार में न बैठते हुए वो वैसे ही बाहर खडे रहे। वो सामने कौन खडा हैं? उन्होंने सिक्युरिटी गार्ड से पूछा।

अपने राहूल सर के पिताजी हैं। उनके लिये खाने का टिफ़िन लेकर आये हैं। गार्ड ने कंपकंपाती आवाज में कहा।

बुलवाइये उनको। जो नहीं होना था वह हुआ।

राहूल के तन से पसीने की धाराऐं बहने लगी। क्रोध और डर से उसका दिमाग सुन्न हुआ जान पडने लगा। गार्ड के आवाज देने पर शरद राव पास आये। चेयरमैन साहब आगे बढे और उनके समीप गये। आप पाटील सर हैं ना? डी. एन. हाई स्कूल में शिक्षक थे। हाँ। आप कैसे पहचानते हो मुझे?

कुछ समझने के पहले ही चेयरमैन साहब ने शरदराव के चरण छूए। सभी अधिकारी और राहूल वो दृश्य देखकर अचंभित रह गये।

सर, मैं अतिश अग्रवाल। आपका विद्यार्थी। आप मुझे घर पर पढ़ाने आते थे।

हाँ.. हाँ.. याद आया। बाप रे बहुत बडे व्यक्ति बन गये आप तो ...

चेयरमैन हँस दिये। फिर बोले, सर आप यहाँ धूप में क्या कर रहे हैं। आईये अंदर चलते हैं। बहुत बातें करनी हैं आपसे। सिक्युरिटी तुमने इन्हें अन्दर क्यों नहीं बिठाया? गार्ड ने शर्म से सिर नीचे झुका लिया। वो देखकर शरद राव ही बोले - उनकी कोई गलती नहीं हैं। आपकी मिटिंग चल रही थी। आपको तकलीफ न हो, इसलिये मैं ही बाहर रूक गया। ओके... ओके...!

चेयरमैन साहब ने शरद राव का हाथ अपने हाथ में लिया और उनको अपने आलीशन चेम्बर में ले गये। बैठिये सर। अपनी कुर्सी की ओर इंगित करते हुए बोले। नहीं। नहीं। वो कुर्सी आपकी हैं। शरद राव सकपकाते हुए बोले। सर, आपके कारण वो कुर्सी मुझे मिली हैं। तब पहला हक आपका हैं। चेयरमैन साहब ने जबरदस्ती से उन्हें अपनी कुर्सी पर बिठाया।

आपको मालूम नहीं होगा पवार सर.. जनरल मैनेजर की ओर देखते हुए बोले, पाटिल सर नहीं होते तो आज ये कम्पनी नहीं होती और मैं मेरे पिताजी की अनाज की दुकान संभालता रहता। राहूल और जी. एम. दोनों आश्चर्य से उनकी ओर देखते ही रहे।

स्कूल समय में मैं बहुत ही डब्बू विद्यार्थी था। जैसे-तैसे मुझे नवीं कक्षा तक पहुँचाया गया। शहर की सबसे अच्छी क्लासेस में मुझे एडमिशन दिलाया गया। परन्तु मेरा ध्यान कभी पढाई में नहीं लगा। उस पर अमीर बाप की औलाद। दिन भर स्कूल में मौज मस्ती और मारपीट करना। शाम की क्लासेस से बंक मार कर मुवी देखना यही मेरा शगल था। माँ को वो सहन नहीं होता। उस समय पाटिल सर कड़े अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में प्रसिद्ध थे। माँ ने उनके पास मुझे पढ़ाने की विनती की। परन्तु सर के छोटे से घर में बैठने के लिए जगह ही नहीं थी। इसलिये सर ने पढ़ाने में असमर्थता दर्शाई।

माँ ने उनसे बहुत विनती की और हमारे घर आकर पढ़ाने के लिये मुँह मांगी फीस का बोला। सर ने फीस के लिये तो मना कर दिया। परन्तु अनेक प्रकार की विनती करने पर घर आकर पढ़ाने को तैयार हो गये। पहले दिन सर आये। हमेशा की तरह मैं शैतानी करने लगा। सर ने मेरी अच्छी तरह से धुनाई कर दी। उस धुनाई का असर ऐसा हुआ कि मैं चुपचाप बैठने लगा। तुम्हें कहता हूँ राहुल, पहले हफ्ते में ही मुझे पढ़ने में रूचि जागृत हो गई। तत्पश्चात मुझे पढ़ाई के अतिरिक्त कुछ भी सुझाई नहीं देता था। सर इतना अच्छा पढ़ाते थे, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान जैसे विषय जो मुझे कठिन लगते थे वो अब सरल लगने लगे थे। सर कभी आते नहीं थे तो मैं व्यग्र हो जाता था। नवीं कक्षा में मैं दूसरे नम्बर पर आया। माँ-पिताजी को खूब खुशी हुई। मैं तो, जैसे हवा में उड़ने लगा था। दसवीं में मैंने सारी क्लासेस छोड़ दी और सिर्फ पाटिल सर से ही पढ़ने लगा था। और दसवीं में मेरीट में आकर मैंने सबको चौंका दिया था।

माय गुडनेस...! पर सर फिर भी आपने सर को फीस नहीं दी? जनरल मैनेजर ने पुछा।

मेरे माँ - पिताजी के साथ में सर के घर पेढे लेकर गया। पिताजी ने सर को एक लाख रूपये का चेक दिया। सर ने वो नहीं लिया। उस समय सर क्या बोले वो मुझे आज भी याद हैं।

सर बोले - मैंने कुछ भी नहीं किया। आपका लडका ही बुद्धिमान हैं। मैंने सिर्फ़ उसे रास्ता बताया और मैं ज्ञान नहीं बेचता। मैं वो दान देता हूँ। बाद में मैं सर के मार्गदर्शन में ही बारहवीं मे पुनः मेरिट में आया। बाद में बी. ई. करने के बाद अमेरिका जाकर एम. एस. किया। और अपने शहर में ही यह कम्पनी शुरु की। एक पत्थर को तराशकर सर ने हीरा बना दिया और मैं ही नहीं तो सर ने ऐसे अनेक असंख्य हीरे बनाये हैं। सर आपको कोटि कोटि प्रणाम...!!

चेयरमैन साहब ने अपनी आँखों में आए अश्रु रूमाल से पोंछे। परन्तु यह बात तो अदभूत ही हैं कि बाहर शिक्षा का और ज्ञानदान का बाजार भरा पडा होकर भी सर ने एक रूपया भी न लेते हुए हजारों विद्यार्थियों को पढ़ाया, न केवल पढ़ाये पर उनमें पढ़ने की रूचि भी जगाई। वाह सर मान गये आपको और आपके आदर्श को। शरद राव की ओर देखकर जी. एम ने कहा।

अरे सर! ये व्यक्ति तत्त्वनिष्ठ हैं। पैसों, और मान सम्मान के भूखे भी नहीं हैं। विद्यार्थी का भला हो यही एक मात्र उद्देश्य था। चेयरमैन बोले। मेरे पिताजी भी उन्हीं में से एक। एक समय भूखे रह लेंगे, पर अनाज में मिलावट करके बेचेंगे नहीं। ये उनके तत्व थे। जिन्दगी भर उसका पालन किया। ईमानदारी से व्यापार किया। उसका फायदा आज मेरे भाईयों को हो रहा हैं।

बहुत देर तक कोई कुछ भी नहीं बोला।

फिर चेयरमैन ने शरद राव से पूछा, - सर आपने मकान बदल लिया या उसी मकान में हैं रहते हैं।

उसी पुराने मकान में रहते हैं सर! शरदराव के बदले में राहुल ने ही उत्तर दिया। उस उत्तर में पिताजी के प्रति छिपी नाराजगी तत्पर चेयरमैन साहब की समझ में आ गई ।

'तय रहा फिर। सर आज मैं आपको गुरू दक्षिणा दे रहा हूँ। इसी शहर में मैंने कुछ फ्लैटस ले रखे हैं। उसमें का एक थ्री बी.एच. के. का मकान आपके नाम कर रहा हूँ.....।'

क्या.?

शरद राव और राहूल दोनों आश्चर्य चकित रूप से बोलें। नहीं नहीं इतनी बडी गुरू दक्षिणा नहीं चाहिये मुझे। शरद राव आग्रहपूर्वक बोले। चेयरमैन साहब ने शरदराव के हाथ को अपने हाथ में लिया। सर, प्लीज.... ना मत करिये और मुझे माफ करें। काम की अधिकता में आपकी गुरू दक्षिणा देने में पहले ही बहुत देर हो चुकी हैं।

फिर राहूल की ओर देखते हुए उन्होंने पूछ लिया, राहुल तुम्हारी शादी हो गई क्या?

नहीं सर, जम गई हैं। और जब तक रहने को अच्छा घर नहीं मिल जाता तब तक शादी नहीं हो सकती। ऐसी शर्त मेरे ससुरजी ने रखी होने से अभी तक शादी की डेट फिक्स नहीं की। तो फिर हॉल भी बुक नहीं किया।

चेयरमैन ने फोन उठाया और किसी से बात करने लगे। समाधान कारक चेहरे से फोन रखकर, धीरे से बोले अब चिंता की कोई बात नहीं। तुम्हारे मेरीज गार्डन का काम हो गया। 'सागर लान्स' तो मालूम ही होगा!

सर वह तो बहुत महंगा हैं...

अरे तुझे कहाँ पैसे चुकाने हैं। सर के सारे विद्यार्थी सर के लिये कुछ भी कर सकते हैं। सर के बस एक आवाज देने की बात हैं।

परन्तु सर तत्वनिष्ठ हैं, वैसा करेंगे भी नहीं। इस लान्स का मालिक भी सर का ही विद्यार्थी हैं। उसे मैंने सिर्फ बताया। सिर्फ हॉल ही नहीं तो भोजन सहित संपूर्ण शादी का खर्चा भी उठाने की जिम्मेदारियाँ ली हैं उसने... वह भी स्वखुशी से। तुम केवल तारीख बताओ और सामान लेकर जाओ। बहुत बहुत धन्यवाद सर। राहुल अत्यधिक खुशी से हाथ जोड़कर बोला। धन्यवाद मुझे नहीं, तुम्हारे पिताश्री को दो राहुल। ये उनकी पुण्याई हैं और मुझे एक वचन दो राहूल। सर के अंतिम सांस तक तुम उन्हें अलग नहीं करोगे और उन्हें कोई दुख भी नहीं होने दोगे। मुझे जब भी मालूम चला कि, तुम उन्हें दुख दे रहे हो तो, न केवल इस कम्पनी से लात मारकर भगा दूंगा परन्तु पुरे राज्य भर के किसी भी स्थान पर नौकरी करने लायक नहीं छोडूंगा। ऐसी व्यवस्था कर दूंगा।

चेयरमैन साहब कठोर शब्दों में बोले। नहीं सर। मैं वचन देता हूँ, वैसा कुछ भी नहीं होगा। राहुल हाथ जोड़कर बोला। शाम को जब राहुल घर आया तब, शरद राव किताब पढ रहे थे। पुष्पाबाई पास ही सब्जी काट रही थी। राहुल ने बैग रखा और शरद राव के पाँव पकडकर बोला पापा , मुझसे गलती हो गई। मैं आपको आज तक गलत समझता रहा। मुझे पता नहीं था पापा आप इतने बडे व्यक्तित्व लिये हो। शरद राव ने उसे उठाकर अपने सीने से लगा लिया। अपना लडका क्यों रो रहा हैं, पुष्पाबाई की समझ में नहीं आ रहा था। परन्तु कुछ अच्छा घटित हुआ हैं। इसलिये पिता-पुत्र में प्यार उमड रहा हैं। ये देखकर उनके नयनों से भी कुछ बूंदे गाल पर लुढक आई।

## संजय उवाच



संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com

# कलयुग केवल नाम अधारा

*राम नाम अवलंब बिनु परमारथ की आस।*
*बरसत वारिद बूँद गहि चाहत चढ़न अकास।।*

श्री राम का नाम परमार्थ अर्थात धर्म, अर्थ, काम मोक्ष प्रदान करता है। उनके नाम के बिना भवसागर से पार होने की कल्पना कुछ ऐसी ही है, जैसे कोई बारिश की बूँदों के सहारे आकाश में जाना चाहता हो। अर्थ स्पष्ट है, श्री राम का नाम तारणहार है।

श्री राम के नाम को, उनकी अतुल्य जीवनयात्रा को घर-घर और जन-जन तक जनभाषा में पहुँचानेवाले ग्रंथ का नाम है, रामचरितमानस। कौशल्या हितकारी राम से रणकर्कश श्री राम की कथा है रामचरितमानस, राजा राम से लोकनायक श्री राम होने की गाथा है रामचरितमानस। रामचरितमानस श्रीराम के व्यक्तित्व और कृतित्व की अशेष यात्रा है। रामचरितमानस में को अवधी भाषा में लिखा गया है।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने इस अमर कृति का लेखन विक्रम संवत 1631 तदनुसार ईस्वी सन 1574 को मंगलवार श्री रामनवमी के दिन आरंभ किया था। यह लेखन 2 वर्ष 7 महीने और 26 दिन चला। विक्रम संवत 1633 अर्थात ईस्वी सन 1576 को श्री राम विवाह के दिन यह संपन्न हुआ।

रामचरितमानस में कुल सात खंड / अध्याय हैं, बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किन्धाकांड, सुन्दरकांड, लंकाकांड और उत्तरकांड।

मानस में संस्कृत और प्राकृत के कुल मिलाकर 18 छंदों में सृजन हुआ है। रामचरितमानस में कुल 10902 पद हैं। इनमें 9388 चौपाई हैं। मानस में 1172 दोहा हैं। इसमें 87 सोरठा हैं। इस महाकाव्य में 208 छंद हैं जिनमें हरिगीतिका, त्रिभंगी, तोमर, चौपैया सम्मिलित हैं। इस कालजयी ग्रंथ में 47 श्लोक हैं। इन श्लोकों में शार्दूलविक्रीडित, अनुष्टुप, प्रमाणिका, वंशस्थ, उपजाति, मालिनी, वसंततिलका, रथोद्धता, भुजंगप्रयात, तोटक, स्रग्धरा हैं।

यद्यपि स्थूल रूप से देखें तो रामचरितमानस, रामकथा है, तथापि सूक्ष्म अवलोकन-अध्ययन करें तो पाएँगे कि इसके अक्षर-अक्षर में जीवनमूल्य और नीतिमत्ता साक्षात दृष्टिगोचर होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि श्री राम का जीवनवृत्त ही ऐसा है। संभवत: यही कारण था, जिसने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त से लिखवाया,

*राम, तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है।*
*कोई कवि बन जाय, सहज संभाव्य है।।*

रामचरितमानस ने श्री राम को एक अनन्य व्यक्तित्व के रूप में स्थापित किया। राम मर्यादापुरुषोत्तम हैं, लोकहितकारी हैं।राम एकमेवाद्वितीय हैं।

रामचरितमानस पढ़ना अर्थात सदाचार, नीतिमत्ता और जीवन के आदर्श पढ़ना। विशेषकर उत्तरभारत में तो मानस के दोहे और चौपाइयाँ, लोकोक्तियों के समान चलन में हैं।

अवधी में होने के कारण रामचरितमानस सार्वजनीन हुआ, जन-जन की जिह्वा का गान बना। जिस तरह बालक को दादी, नानी कहानी सुनाती हैं, कुछ उसी तरह हर आयुसमूह के लिए दादी, नानी की लोककथा बना रामचरितमानस। यही कारण है कि गोस्वामी तुलसीदास रचित मानस का पारायण आगे चलकर परम्परा बना।

वस्तुत: संसार रूपी सागर में हर मनुष्य एक घड़ा है, एक घट है। इस घट में रावण का निवास है पर श्रीराम का भी वास है। मनुष्य से अपेक्षित है कि वह भीतर के श्रीराम का जागरण और अंतर्भूत रावण का मर्दन करे।अपने अवगुणों का दहन, और रामत्व का जागरण ही रामचरितमानस का सच्चा पारायण है।

'रामत्व' की अनुकम्पा गोस्वामी तुलसीदास को प्राप्त हुई थी। तभी श्रीरामचरितमानस में आपने लिखा,

*जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि।*
*बंदउँ सब के पद कमल सदा जोरि जुग पानि।।*

अर्थात जगत में जितने जड़ और चेतन जीव हैं, सबको राममय जानकर मैं उन सबके चरणकमलों की सदा दोनों हाथ जोड़कर वन्दना करता हूँ।

गोस्वामी जी के कविरूप का ध्रुवतारा है रामचरितमानस। कहा गया है,

*कलयुग केवल नाम अधारा।*
*सुमिर सुमिर नर उतरहिं पारा।*

कलयुग में केवल श्री राम का नाम एक आधार है। उनके सुमिरन मात्र से, केवल उनके स्मरण से मनुष्य भवसागर पार हो जाता है।

श्री राम के चरित के माध्यम से जीवन की ज्ञात, अज्ञात स्थितियों को जानने, समझने और हल की दिशा पर प्रकाश डालने का माध्यम है रामचरितमानस। कालजयी साहित्य का सार्वकालिक उदाहरण है रामचरितमानस। श्रावण शुक्ल सप्तमी को गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती है। विश्व को रामचरितमानस जैसा अनन्य महाकाव्य देनेवाले गोस्वामी जी को नमन।

## वीर गाथा

# मेजर प्रदीप तथावड़े: 'जब तक आतंकवादियों का खात्मा न हो जाए, सबको डटे रहना है'

मेजर प्रदीप तथावड़े का जन्म महाराष्ट्र में पुणे जिले के केंदुर पाबल गांव में हुआ था। माता कुसुम देवी और पिता रामचंद्र कृष्णाराव तथावड़े ने अपने बेटे को उसके बचपन से ही वीरों और महापुरुषों की कहानियां सुनाकर देशप्रेम के संस्कार दिए थे।

प्रदीप ने सतारा के सैनिक स्कूल से शिक्षा पाई थी, जिससे उन्हें सेना में जाने की प्रेरणा मिली। वे साल 1980 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के लिए चुन लिए गए। उन्हें जून 1984 में जम्मू एंड कश्मीर लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट की 8 जेएके एलआई में शामिल कर लिया गया।

मेजर प्रदीप जून 2000 में अपनी यूनिट के साथ जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तैनात थे। यहां आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे थे। उसी साल 17 जून को प्रदीप की यूनिट को खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि पुंछ जिले के शाहपुर गांव में कुछ आतंकवादी छुपे बैठे हैं। सूचना का विश्लेषण करने के बाद मेजर प्रदीप ने तय किया कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने अपने जवानों का नेतृत्व किया और तुरंत उस इलाके में पहुंच गए। जल्द ही उनका आतंकवादियों से सामना हुआ। सेना की ओर से आतंकवादियों को चेतावनी दी गई, लेकिन उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में जवानों ने भी गोलियां चलाईं।

मेजर प्रदीप ने दो आतंकवादियों को भागने की कोशिश करते देखा। उन्होंने तुरंत फुर्ती दिखाई और दोनों को ढेर कर दिया। इसी दौरान तीसरे आतंकवादी ने मेजर पर पीछे से हमला किया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद उन्होंने तीसरे आतंकवादी को मार गिराया। प्रदीप के शरीर से काफी खून बह रहा था, लेकिन वे अपने जवानों को जरूरी निर्देश देते जा रहे थे। उन्हें स्पष्ट कहा कि जब तक सभी आतंकवादियों का खात्मा न हो जाए, सबको अपनी जगह पर डटे रहना है।

प्रदीप के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए जवानों ने बाकी आतंकवादियों को भी मार गिराया। वहीं, मेजर को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

मेजर प्रदीप तथावड़े ने अत्यंत उच्च कोटि के साहस और नेतृत्व का परिचय देते हुए भारत मां के लिए स्वयं की आहुति दे दी। उनका बलिदान समस्त देशवासियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। मेजर प्रदीप तथावड़े को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया।



## बोध कथा

# परमात्मा से सम्बन्ध

एक बार एक पंडित जी ने एक दुकानदार के पास पांच सौ रुपये रख दिए। उन्होंने सोचा कि जब मेरी बेटी की शादी होगी तो मैं ये पैसा ले लूंगा। कुछ सालों के बाद जब बेटी सयानी हो गई, तो पंडित जी उस दुकानदार के पास गए। लेकिन दुकानदार ने नकार दिया और बोला- आपने कब मुझे पैसा दिया था? बताइए! क्या मैंने कुछ लिखकर दिया है? पंडित जी उस दुकानदार की इस हरकत से बहुत ही परेशान हो गए और बड़ी चिंता में डूब गए। फिर कुछ दिनों के बाद पंडित जी को याद आया, कि क्यों न राजा से इस बारे में शिकायत कर दूं ताकि वे कुछ फैसला कर देंगे और मेरा पैसा मेरी बेटी के विवाह के लिए मिल जाएगा। फिर पंडित जी राजा के पास पहुंचे और अपनी फरियाद सुनाई। राजा ने कहा- कल हमारी सवारी निकलेगी और तुम उस दुकानदार की दुकान के पास में ही खड़े रहना। दूसरे दिन राजा की सवारी निकली। सभी लोगों ने फूलमालाएं पहनाईं और किसी ने आरती उतारी। पंडित जी उसी दुकान के पास खड़े थे। जैसे ही राजा ने पंडित जी को देखा, तो उसने उन्हें प्रणाम किया और कहा- गुरु जी! आप यहां कैसे? आप तो हमारे गुरु हैं।

आइए! इस बग्घी में बैठ जाइए। वो दुकानदार यह सब देख रहा था। उसने भी आरती उतारी और राजा की सवारी आगे बढ़ गई। थोड़ी दूर चलने के बाद राजा ने पंडित जी को बग्घी से नीचे उतार दिया और कहा- पंडित जी! हमने आपका काम कर दिया है। अब आगे आपका भाग्य। उधर वो दुकानदार यह सब देखकर हैरान था, कि पंडित जी की तो राजा से बहुत ही अच्छी सांठ-गांठ है। कहीं वे मेरा कबाड़ा ही न करा दें। दुकानदार ने तत्काल अपने मुनीम को पंडित जी को ढूंढ़कर लाने को कहा। पंडित जी एक पेड़ के नीचे बैठकर कुछ विचार-विमर्श कर रहे थे। मुनीम जी बड़े ही आदर के साथ उन्हें अपने साथ ले आए। दुकानदार ने आते ही पंडित जी को प्रणाम किया और बोला- पंडित जी! मैंने काफी मेहनत की और पुराने खातों को देखा, तो पाया कि खाते में आपका पांच सौ रुपया जमा है। और पिछले दस सालों में ब्याज के बारह हजार रुपए भी हो गए हैं। पंडित जी! आपकी बेटी भी तो मेरी बेटी जैसी ही है। अत: एक हजार रुपये आप मेरी तरफ से ले जाइए, और उसे बेटी की शादी में लगा दीजिए। इस प्रकार उस दुकानदार ने पंडित जी को तेरह हजार पांच सौ रुपए देकर बड़े ही प्रेम के साथ विदा किया।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# 'अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है, इसलिए लोगों को स्थिर सरकार पसंद'

गांधीनगर/भाषा। केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री भगवंत खुबा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थिर सरकार के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। खुबा यहां जी20 स्वास्थ्य मंत्रियों के सम्मेलन में आयोजित कार्यक्रम 'इंडिया मेडटेक एक्सपो 2023' के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय 3300 अरब अमेरिकी डॉलर की है और यह अगले चार वर्षों में 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की होगी। जब भारत स्वतंत्रता के 100 वर्ष का उत्सव मना रहा होगा, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 32-42 हजार अरब डॉलर के बीच रहने की उम्मीद है। इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा, युवा कार्यबल के अलावा, भारत में इस समय एक स्थिर सरकार है और लोग भविष्य में ऐसी ही स्थिर सरकार देखना चाहते हैं। निवेशक हमेशा एक स्थिर सरकार का पक्ष लेते हैं। भारत के लोग अब समझ गए हैं कि अगर हमारे पास स्थिर सरकार होगी तो अर्थव्यवस्था बढ़ेगी। खूबा ने कहा कि भारत पहले कई क्षेत्रों में दूसरे देशों पर निर्भर था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद तस्वीर बदल गई। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार और जनता दोनों के नजरिये और मानसिकता को बदल दिया है। उन्होंने निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए नीतियां बनाईं।

## सेल्फी



शनिवार को हैदराबाद के इब्राहिमपटनम स्थित गुरु नानक इंस्टीट्यूशंस में 19वें ग्रेजुएशन डे और प्लेसमेंट डे समारोह के दौरान छात्र सेल्फी लेते हुए।

# 'श्रीलंका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की समीक्षा करेगा'

कोलंबो/भाषा। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शनिवार को कहा कि बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्विता के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्विता में उलझने से बचने और हिंद महासागर में तटस्थता को बरकरार रखने के मकसद से देश की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की विस्तृत समीक्षा की जरूरत है। विक्रमसिंघे ने दक्षिणी जिले गाले में नौसैनिकों को संबोधित करते करते हुए कहा कि समीक्षा में विस्तृत मुद्दे होंगे जिनमें उभरते आर्थिक रुझान और जलवायु परिवर्तन आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज की जमीनी स्थिति यह है कि हिंद महासागर में वैश्विक शक्तियों के बीच अतिक्रमण को लेकर संघर्ष जारी है।

विक्रमसिंघे ने कहा, एक मोर्चे पर अमेरिका और चीन के बीच प्रशांत महासागर में प्रभुत्व स्थापित करने को लेकर संघर्ष जारी है। इसी के साथ पश्चिमी देशों और रूस का यूक्रेन को लेकर सत्ता संघर्ष सामने आया है। इस प्रतिस्पर्धा का असर दूरदराज के अफ्रीका के नाइजर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका को हिंद महासागर में तटस्थता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिंद महासागर वैश्विक व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। जैसे ही हम इस जल क्षेत्र में नौवहन करते हैं, यह जरूरी है कि हम निष्पक्ष रुख बनाए रखते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्विता में नहीं उलझे।

# राहुल गांधी ने लेह से पैंगोंग झील तक मोटरसाइकिल की सवारी की

लेह/भाषा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अपने पिता राजीव गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह से पैंगोंग झील तक मोटरसाइकिल की सवारी की। यह जानकारी कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने दी।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वर्तमान में लद्दाख के दौरे पर हैं। यह अगस्त 2019 में जम्मू कश्मीर को दो हिस्सों में बांटने और जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद इस क्षेत्र का उनका पहला दौरा है। गांधी अगले सप्ताह करगिल का दौरा कर सकते हैं। तत्कालीन जम्मू कश्मीर राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था और संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत इसके विशेष दर्जे को रद्द कर दिया गया था।

कांग्रेस प्रवक्ता एवं लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी), लेह में विपक्ष के नेता त्सेरिंग नामग्याल ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि गांधी बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर लेह पहुंचे। गांधी ने बाद में पैंगोंग झील, नुब्रा घाटी और करगिल जिले के दौरे के लिए क्षेत्र में अपने प्रवास को चार और दिन बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल पर 130 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने के बाद गांधी पैंगोंग झील के पास रात्रि विश्राम करेंगे जहां रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के संबंध में एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

राहुल गांधी ने लेह से पैंगोंग तक अपने मोटरसाइकिल सफर की कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस शीर्षक के साथ साझा कीं, पैंगोंग झील जाने के रास्ते में, जिसके बारे में मेरे पिता कहा करते थे, यह दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है।

नामग्याल ने कहा, वह (गांधी) नुब्रा घाटी में रात्रि विश्राम के लिए रविवार को मोटरसाइकिल पर रवाना हो रहे हैं। रास्ते में गांधी दुकानदारों और किसानों सहित आम लोगों से मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी सोमवार को लेह वापस आएंगे।

हालांकि इस दौरे को लेह में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने गैर-राजनीतिक बताया जिसका अगले साल के संसदीय चुनाव से कोई संबंध नहीं है लेकिन बृहस्पतिवार को गांधी के आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गांधी ने दो स्थानीय क्लब के बीच फुटबॉल मैच देखने के अलावा पार्टी सहयोगियों के साथ बैठक की और युवाओं से बातचीत की। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि गांधी सोमवार या मंगलवार को करगिल जिले का दौरा करेंगे और उनके वहां पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों, विशेषकर युवाओं से बातचीत करने की संभावना है। गांधी की जिले की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि एलएएचडीसी, करगिल में 10 सितंबर को चुनाव होने जा रहे हैं।

# अटक जेल में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दिया जा सकता है जहरः पत्नी बुशरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लाहौर/भाषा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए जेल में बेहतर सुविधाओं की मांग करते हुए उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने कहा है कि उनकी (खान की) जान को अब भी खतरा है और अटक जेल में उन्हें जहर दिया जा सकता है।

शनिवार को पंजाब के गृह सचिव को भेजे पत्र में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष खान की पत्नी ने लिखा है कि अदालत ने संबंधित अधिकारियों को उनके पति को पंजाब की अटक जेल से रावलपिंडी की अदियाला जेल स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था।

उन्होंने कहा, मेरे पति को बिना किसी औचित्य के अटक जेल में डाल दिया गया। कानून के अनुसार मेरे पति को अदियाला जेल में स्थानांतरित किया जाना चाहिए।



जियो न्यूज की खबर के अनुसार, बुशरा (49) ने मांग की कि खान (70) को उनके सामाजिक और राजनीतिक दर्जे के लिहाज से 'बी' श्रेणी की सुविधाएं दी जाए।

खबर के अनुसार, बुशरा ने कहा कि खान को अटक जेल में जहर दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खान की हत्या के लिए दो बार प्रयास किए गए, लेकिन इनमें संलिप्त लोगों की अबतक गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन्होंने पत्र में कहा, उनकी जान अब भी खतरे में है और इस बात का डर है कि अटक जेल में मेरे पति को जहर दिया जा सकता है।

इस माह के प्रारंभ में बुशरा ने करीब आधे घंटे तक पति से मुलाकात की थी और उनसे मिलने के बाद कहा था कि उन्हें 'परेशान करने वाली' दशाओं में रखा जा रहा है तथा 'सी श्रेणी की जेल सुविधाएं ' दी जा रही हैं।

खान को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। उससे पहले इस्लामाबाद की एक अदालत ने उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया था। वह पांच अगस्त से जेल में हैं। राजकीय उपहारों की बिक्री से आय छिपाने के मामले में उन्हें सजा सुनाई गई थी। ये उपहार 2018-2022 के बीच उनके प्रधानमंत्री रहने के दौरान उन्हें और उनके परिवार को मिले थे।

# अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म 'दोनों'



मुबई/वार्ता। राजवीर देओल और पलोमा ढिल्लों की आने वाली फिल्म दोनो 05 अक्टूबर को रिलीज होगी। राजश्री प्रोडक्शन हाउस ने नये कलाकारों को लॉन्च करने के अपनी 75 साल की लैगेसी को बरकरार रखा है। यह प्रोडक्शन सभी स्ट्रीम्स के नई प्रतिभाओं को लॉन्च करते आया है। राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड अपनी 59वी फिल्म दोनों ,जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत कर रहा हैं।फिल्म दोनो से सनी देओल के छोटे बेटे राजवीर देओल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में राजवीर देओल के अपोजिट मुख्य भूमिका में बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की बेटी पलोमा नजर आएंगी।उनकी भी ये डेब्यू फिल्म ही है। राजश्री प्रोडक्शंस (पी) लिमिटेड जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत दोनों को कमल कुमार बड़जात्या, राजकुमार बड़जात्या, अजीत कुमार बड़जात्या और ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म के लिए क्रिएटिव प्रोडक्शन का नेतृत्व सूरज आर. बड़जात्या कर रहे हैं।फिल्म दोनो 05 अक्टूबर को रिलीज होगी।




# 'गदर-2' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया

मुंबई/भाषा

सनी देओल, अमीशा पटेल और उत्कर्ष शर्मा अभिनीत फिल्म 'गदर 2' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये की कमाई का आकंड़ा पार कर लिया है। फिल्म के निर्माताओं ने शनिवार को यह जानकारी दी। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म सनी देओल की 2001 में आई हिट फिल्म 'गदर एक प्रेम कथा' की अगली कड़ी है। सनी देओल ने फिल्म में तारा सिंह का अपना यादगार किरदार निभाया है। फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया कि गदर-2 किसी भी हिंदी फिल्म के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई खासकर पंजाब जैसे इलाकों में। उन्होंने लिखा, फिल्म ने रिलीज के आठवें दिन 20.50 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे कुल आकंड़ा 303.13 करोड़ रुपये पहुंच गया। जी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में अमीषा पटेल फिर से सकीना के किरदार में हैं और उत्कर्ष शर्मा ने चरणजीत सिंह का किरदार निभाया है।

# दुर्गा पूजा पर रिलीज होगी फिल्म 'संघर्ष-2'

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म संघर्ष 2, 20 अक्टूबर को दुर्गा पूजा के अवसर पर रिलीज होगी। निर्माता रत्नाकर कुमार और खेसारी लाल यादव की फिल्म संघर्ष 2 पहले इसी महीने 25 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। संघर्ष 2, 25 अगस्त की जगह अब 20 अक्टूबर को दुर्गा पूजा के अवसर पर रिलीज होने वाली है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने बताया कि हम अपने दर्शकों को एक अलग तरह का अनुभव देना चाहते हैं। जिससे जब दर्शक सिनेमाघरों से बाहर निकले तो उनके चेहरों पर एक अलग तरह का सुकून हो। इसलिए हम फिल्म में कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। मैं खुद इस फिल्म के एक एक सीन को बारीकी से देख रहा हूँ। ये फिल्म भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होने वाली है। क्योंकि इसमें हर किरदार दर्शकों को प्रभावित करने वाला है। ये फिल्म दर्शकों को बेहद ही पसंद आने वाली है।



वही खेसारी लाल यादव ने भी दर्शकों से फिल्म को सिनेमाघरों में जाकर देखने की अपील की है और कहा कि हम बहुत ही मेहनत से सिनेमा बनाते है। आप सब इसे सिनेमाघर में जाकर देखने से हमें लगता है कि हमारी मेहनत सफल हो गई है।

वर्ल्डवाइड चैनल एंड जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत संघर्ष 2 की सह निर्माता निवेदिता कुमार एवं कुलदीप श्रीवास्तव है, जबकि फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फिल्म संघर्ष 2 में खेसारी लाल यादव, मेघाश्री, माही श्रीवास्तव, कृति यादव, सबा खान ,सुशील सिंह, संजय पांडे, विनीत विशाल ,अनूप अरोरा, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, वर्णय मल्होत्रा, जे नीलम, रोहित सिंह (मटरू), पप्पू यादव, सुबोध सेठ, मनीष चतुर्वेदी, वैभव राय, अक्की, संजीव मिश्रा, यादवेंद्र यादव, ओपी कश्यप सहित कई कलाकार है।



# 'घूमर' के लिए अमिताभ बच्चन ने की अभिषेक की तारीफ

मुंबई/एजेन्सी

'घूमर' में अभिषेक बच्चन के अभिनय को लेकर मेगास्टार अमिताभ बच्चन बेहद खुश हैं। बेटे की प्रशंसा करते हुए बिग बी ने कहा कि उन्होंने फिल्मों में एक के बाद जटिल किरदार निभाए हैं, जो अलग-अलग होते हुए भी बेहद प्रभावशाली हैं। 'घूमर' एक प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज अनीना की कहानी है, जो एक दुर्घटना में अपना दाहिना हाथ खो देती है। एक असफल क्रिकेटर उन्हें नई आशा देता है।

जो उसकी किस्मत बदलने के लिए उसे प्रशिक्षित करता है। अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने 'घूमर' को एक बेहतरीन फिल्म बताया। उन्होंने लिखा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि 'घूमर' एक बहुत ही बेहतरीन फिल्म है। मैं इसे एक पिता के रूप में और फिल्म इंडस्ट्री के सदस्य के रूप में कह रहा हूं। इतनी कम उम्र से अभिषेक इंडस्ट्री में हैं, आपने बेहद दृढ़ विश्वास, विविधता और आत्मविश्वास के साथ सबसे जटिल किरदार निभाए हैं। हर एक किरदार कठिन और अलग होते हुए भी बेहद प्रभावशाली हैं। अमिताभ की पोस्ट पर बेटे अभिषेक ने जवाब दिया: लव यू पा।

# गीता कपूर ने आयुष्मान से कहा, 'मैं आपकी आवाज की फैन हूं'

नई दिल्ली/एजेन्सी

मशहूर कोरियोग्राफर और डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' की जज गीता कपूर ने एक्टर आयुष्मान खुराना की तारीफ करते हुए कहा है कि वह उनकी आवाज की फैन हैं और उनके टैलेंट ने लोगों के दिलों में जगह बना ली है। 'ड्रीम गर्ल 2' की स्टार कास्ट- आयुष्मान और अनन्या पांडे डांस रियलिटी शो में फिल्म के प्रमोशन के लिए जाएंगे। अपकमिंग एपिसोड में कंटेस्टेंट्स अद्भुत डांस परफॉर्मेंस के जरिए सिनेमा में आयुष्मान के उल्लेखनीय योगदान का प्रदर्शन करेंगे। स्टेज आयुष्मान की फिल्मोग्राफी के जादू से गूंज उठेगा। कंटेस्टेंट्स 'मोह मोह के धागे', 'दर्द करारा', 'पानी दा रंग' और 'नैना दा क्या कसूर' जैसे आइकोनिक ट्रैक पर परफॉर्म करेंगे। जज गीता कपूर आयुष्मान की जर्नी की बात करते हुए कहती है, एक रियलिटी शो विजेता से एक बहुमुखी सिंगर और अब एक एक्टर बनने के लिए आयुष्मान सराहना के योग्य हैं। मैं उनकी जर्नी को फॉलो कर रही हूं। मुझे उनकी सभी फिल्मों में से 'अंधाधुन' सबसे ज्यादा पसंद है। उन्होंने कहा, मैं आपकी आवाज की फैन हूं, आपके टैलेंट ने लोगों के दिलों में जगह बना ली है। यह आसानी से हासिल नहीं होता है- आप टैलेंटेड हैं। आयुष्मान ने इमोशनल होते हुए कहा, आप लोगों ने अपने परफॉर्मेंस से मुझे समय में पीछे ले गए। हम अक्सर जीवन की दौड़ में फंस जाते हैं और पीछे मुड़कर देखना भूल जाते हैं, लेकिन आज, मुझे अपनी जर्नी की याद आ गई। इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 सोनी पर प्रसारित होता है। गीता ने फराह खान को कई फिल्मों में असिस्ट किया, जिनमें 'कुछ कुछ होता है', 'दिल तो पागल है', 'कभी खुशी कभी गम', 'मोहब्बतें', 'कल हो ना हो', 'मैं हूं ना' और 'ओम शांति ओम' शामिल हैं। उन्होंने 'फिजा', 'अशोका', 'साथिया', 'हे बेबी', 'तीस मार खान' की 'शीला की जवानी' जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में कोरियोग्राफी का नेतृत्व भी किया।



# कंगना रनौत ने संजय लीला भंसाली को बताया 'भगवान'



मुंबई/एजेन्सी। एक्ट्रेस कंगना रनौत ने फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की प्रशंसा की है और उन्हें 'भगवान और लीजेंड' कहा। कंगना ने इंस्टाग्राम पर एक नोट पोस्ट किया, जिसमें बताया गया कि कैसे वह फिल्म निर्माता द्वारा दी गई भूमिकाएं और नंबर नहीं ले सकीं। अभिनेत्री ने लिखा: एक कलाकार के रूप में मैं संजय लीला भंसाली की गहराई से प्रशंसा करती हूं, वह कभी भी सफलता या महिमा का दिखावा नहीं करते... वह इस समय फिल्म उद्योग में रहने वाले सबसे सच्चे कलाकार हैं... मैं किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानती जो सिनेमा से इतना प्यार करता हो और अपने जुनून से इतना प्रेरित हो... सबसे बढ़कर वह अपने काम से काम रखते है, वह लीजेंड है... मैं सिर्फ संजय सर से प्यार करती हूं... प्यार।'' उन्हें 'भगवान' कहते हुए उन्होंने कहा, सालों से एसएलबी प्रोडक्शन द्वारा मुझे कुछ सॉन्ग/रोल ऑफर किए गए, किसी न किसी कारण से मैं उन्हें नहीं कर सकी, आज भी अगर मैं उन्हें देखना चाहती हूं या उनके साथ बातचीत करने के लिए उनके घर जाना चाहती हूं, तो वह मेरे सामने लिविंग गॉड की तरह बैठे हैं और धीरे-धीरे मुस्कुरा रहे हैं, अपनी आंखों से दया और प्रशंसा की बारिश कर रहे हैं, कम शब्दों में बोलने वाले एसएलबी जी अद्भुत हैं।''

यह 2020 में एक इंटरव्यू के दौरान था, जब एक्ट्रेस ने साझा किया था कि फिल्म निर्माता ने उन्हें 'गोलियों की रासलीला राम लीला' में एक सॉन्ग की पेशकश की थी, लेकिन वह काम नहीं कर सकी। इसपर उन्होंने अफसोस जाहिर किया। इस बीच, कंगना अगली बार 'चंद्रमुखी 2' में दिखाई देंगी, जिसमें राघव लॉरेंस भी हैं और यह रजनीकांत और ज्योतिका अभिनीत ब्लॉकबस्टर तमिल फिल्म 'चंद्रमुखी' की अगली कड़ी है। उनके पास सर्वेश मेवाड़ा की 'तेजस' भी है, जो 20 अक्टूबर को रिलीज होने की उम्मीद है, और 'इमरजेंसी' भी है। फिल्म में अनुपम खेर, सतीश कौशिक और मिलिंद सोमन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह 24 नवंबर को रिलीज होने वाली है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अपने भाव, विचार अपने मन से निकले हुए हैं। मन परमाणु पुद्गल से बना हुआ ढांचा है। ज्ञानियों ने कहा है भावना का जो असर हो रहा है वह परमाणु पुद्गल से हो रहा है। यह हमारे मन के चिंतन का भी प्रभाव है। अपनी आत्मा अकेली कुछ नहीं कर सकती। शुभ भाव हमारी आत्मा में रहे हुए हैं। प्रभु को देखकर मोह की वासना दूर हो तो वह श्रेष्ठ भक्ति है। चारित्र ग्रहण करने के पुण्य में से माता-पिता को आठवां हिस्सा मिलता है। कोई वैरागी आत्मा अपने स्वजन को भूल भी जाए परन्तु उपकार तो स्मरण रखते ही हैं।



# 14 सपनों का उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोयम्बटूर। यहां के आरएसपुरम् स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में धर्मसूरी समुदाय के आचार्यश्री कुंदकुंदसूरीश्वरजी म. सा. एवं आचार्यश्री विनयधर्म-सूरीश्वरजी म. सा. चातुर्मासार्थ विराजित है। आज रॉबर्टसन रोड स्थित श्री जिनदत्तसूरी दादावाड़ी में अपने प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि भगवान महावीर का जन्म वाचन जैन धर्म में एक सबसे महत्वपूर्ण पर्व है।

उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि इस कार्यक्रम में सबका सहयोग यानी बोली के बिना भी साधार्मिक भाई बहन 14 सपना में भाग ले सकते जो बहुत नेक कार्य ही है। 14 सपनों के साथ साधर्मिक श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के वाचन आचार्यश्री के मुख से सुनकर हर्षाल्लास से मनाया। सबका स्वागत मंदिर के अध्यक्ष विजयचन्द जाबक ने एवं संचालन कुशल झाबक ने किया।

# स्वाध्याय है ज्ञान की पूजा : डॉ. दिलीप धींग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। शसुन जैन कॉलेज में जैनविद्या विभाग के शोध-प्रमुख साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने कहा कि ज्ञान और ध्यान में से ज्ञान की महिमा अधिक है। ध्यान से व्यक्तिगत कल्याण होता है, जबकि ज्ञान से संस्कृति आगे बढ़ती है। श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन संघ के तत्वावधान में ओसवाल गार्डन में आयोजित स्याद्वाद व्याख्यानमाला के छठे दिन शनिवार को उन्होंने कहा कि भगवान महावीर में स्वाध्याय को अंतरंग तप के अंतर्गत वर्गीकृत किया और उसे निर्जरा का कारण बताया। नियमित स्वाध्याय करना ज्ञान की सच्ची पूजा है। पूर्ण मनोयोग से ज्ञान-साधना करना भी ध्यान ही है।

डॉ. धींग ने पद्मभूषण पं. सुखलाल संघवी की ज्ञान साधना का उदाहरण दिया और कहा कि नेत्रज्योति नहीं होने के बावजूद उन्होंने जैनविद्या व प्राच्यविद्या के क्षेत्र में अद्भुत योगदान किया। उन्होंने कहा कि केवलज्ञान से भी अधिक उपकार श्रुतज्ञान का है। श्रुतज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए ही गौतम स्वामी, आचार्य स्थूलिभद्र और कुंदकुंदाचार्य का मंगल के रूप में स्मरण किया जाता है। युवा स्वाध्यायी प्रणत धींग ने डॉ. धींग की कविता आतंकवाद खत्म करना है' सुनाई और शाबाशी पाई। निर्मल टोडरवाल ने कहा कि प्रणत द्वारा बड़ी बड़ी हिंदी कविताएं कंठस्थ करना और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना वाकई प्रेरणादायक है। डॉ. धींग ने परी मेहता, सनम बेताला, भाविका सुराणा को छह तप और युवाध्यक्ष संजय सुराणा को तेला पचखाया। शानू बोहरा ने तप अभिनंदन गीत सुनाया। संघ अध्यक्ष गौतम श्रीमाल ने संचालन किया। अशोक रांका ने मंगलपाठ सुनाया।

# नाटय फेस्ट अंतर्विद्यालय प्रतियोगता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com







चेन्नई। सनातन धर्म विद्यालय के प्रांगण में समिति अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, महासचिव के के महेश्वरी, विद्यालय सचिव एस पी बाहेती, विद्यालय प्राचार्या एस लता, मुख्य अतिथि पार्षद राजेश जैन, विद्यालय की पाठ्येतर गतिविधियों की समन्वयक वंदना भट्टड, संतोष बिसानी, संतोष दमानी, समिति के सदस्य, शिक्षिकाओं और छात्राओं की उपस्थिति में नाट्य फेस्ट नामक अंतर्विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत नृत्य से किया गया। मुख्य अतिथि के हाथों से दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर की गई। सभी स्तरों के अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# सहस्त्र गुना दान से अनन्त गुना वृद्धि होती है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। पर्युषण पर्व के अंतर्गत किलपॉक के कांकरिया गेस्ट हाउस जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ,तमिलनाडु के तत्वावधान में स्वाध्यायी भगवान महावीर जैन विद्यापीठ के प्राचार्यश्री प्रकाशचंदजी जैन जयपुर द्वारा व्याख्यानमाला में दान की महत्ता बताते हुए कहा कि सम्यकज्ञान, सम्यकदर्शन, सम्यकचारित्र, सम्यकतप मोक्ष के चार मार्ग बताये तो दान एक दरवाजे के रुप हैं। यह सूक्ति हैं कि ब्याज में दुगुना,व्यापार में चार गुना, खेत में सहस्त्र गुना तो दान में अनन्त गुना वृद्धि होती हैं। सुपात्र दान पर विवेचन करते हुए कहा कि अधितर तीर्थंकरों ने सुपात्र दान देकर तीर्थंकर नाम कर्म का उपार्जन किया। सुखविपाक सूत्र के दसों अध्ययन में सुपात्र दान की महत्वत्ता का उल्लेख किया।

आचार्यश्री हस्तीमलजी म.सा ने दान की सुन्दर व्याख्या की कि दीन को दीजिये होत दयावन्त,मित को दीजिये प्रीति बढावे, सेवक को दीजिये काम करे बहु, शायर को दीजिये आदर पावें, शत्रु को दीजिये वैर रहे नहीं, याचक को दीजिये कीर्ति गावें साधु को दीजिये, मुक्ति मिले। ठाणांग सूत्र में वर्णित दस प्रकार के दानों में एक करुणा दान का भी उल्लेख हैं। दान देते प्रिय वचन,देते वक्त स्वयं के प्रति अनुमोदन भाव दान के भूषण हैं। अनादर पूर्वक, विलम्बित, विमुखता भाव,अप्रिय वचनों सहित व देने के बाद पश्चाताप यह पांचों दान के दूषण हैं।

श्रावक संघ तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने जानकारी दी कि इस अवसर पर श्राविका मण्डल द्वारा धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञानचर्चा के पश्चात भोपालगढ़ जैन विद्यालय के अध्यक्ष प्रसनचन्द ओस्तवाल ने कवि सूर्यभानुजी की देव-गुरु-धर्म व वैराग्य से ओत-प्रोत अनेक रचनाओं को मंत्र मुग्ध कर देने वाली राग में सुनाया। संचालन शाखा प्रमुख युवा संदीप ओस्तवाल ने किया।



# साइकल यात्री चौहान का मदुरै में हुआ स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। गत 26 मार्च से गुजरात के द्वारकाधीश से साइकिल यात्रा पर निकले जनकसिंह चौहान शुक्रवार को मदुरै पहुंचे हैं। 12 ज्योतिर्लिंग और चारधाम की यात्रा के लिए निकले हैं। राजस्थान के नारोली (सांचौर) निवासी जनकसिंह चौहान आज मदुरै पहुंचे हैं। प्रवासी समाज प्रवक्ता दिनेश सालेचा ने बताया कि द्वारका के द्वारकाधीश मंदिर से 26 मार्च को शुरू हुई यह साइकिल यात्रा नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ, बड़ौदा, सूरत, ओमकारेश्वर, इंदौर, उज्जैन महाकाल, वृंदावन, दिल्ली, हरिद्वार, केदार, बद्री, कैंचीधाम नीम करोली, लखनऊ, अयोध्या, काशी, बोधगया, गया, बैद्यानाथ धाम, जगन्नाथ पुरी, श्रीसेलम मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग, चेन्नई होते हुए मदुरै पहुंचे वे यहां से रामेश्वरम्, भीमाशंकर, त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग होते हुए लगभग 7200 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। मदुरै पहुँचने स्थानीय माजीसा मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह रखा गया जिसमें मदुरै प्रवासी राजस्थानी समाज के गणमान्य लोगों द्वारा तिलक, माला, शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया इस दौरान मीठालाल जैन, भागचंद बाफना, प्रवीण महाराज, हीरसिंह, आईजा अध्यक्ष दिनेश सालेचा, भरतसिंह राजपुत, खिमेंद्रसिंह, सांवलसिंह, सहित विभिन्न समाज के सदस्यगण मौजूद रहे।



# बीता समय कभी वापस नहीं आता, समय का सदुपयोग करें : साध्वी धर्मप्रभा

## अनेक तपस्वियों का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। बीता हुआ समय लौटकर नहीं आता है इस समय को यू ही व्यर्थ न गवायें। शनिवार साहूकारपेठ के एस.एस.जैन भवन के श्री मरूधर केसरी दरबार में महासती धर्मप्रभाजी ने सैकड़ों तपस्वी श्रावक श्राविकाओं को उपदेश देते हुए कहा कि समय को नष्ट करना यानी अपने जीवन के कीमत पलों को बर्बाद करना है। संसार में मानव भव प्राप्त होना दुर्लभ है। लेकिन मनुष्य समय का सदुपयोग नहीं करता है। समय एक ऐसी चीज है जिसे खोकर पुन: प्राप्त नहीं किया जा सकता है। समय तो धन से भी अधिक महत्वपूर्ण है। धन तो हम मेहनत करके कभी भी कमा सकते हैं लेकिन बीता हुआ क्षण लौटकर नहीं आ सकता है। समय रहते हुए जो इंसान समय का सदुपयोग कर लेगा वह अपने जीवन को बदल सकता है। वरना अंत में पछतावे के सिवा कुछ नहीं रहता। मृत्यु आने के पहले व्यक्ति अगर चेत जाए तो समय को सार्थक बनाकर आत्मा को संसार के भव सागर पार करवा सकता है।

साध्वी स्नेहप्रभा ने उत्ताराध्ययन सूत्र का वांचन करते हुए बताया कि समय का कोई भरोसा नहीं है। कब मृत्यु आ जाए उससे पहले मनुष्य को अपनी आत्मा को साधना में लगा देगा। तो अपनी इस आत्मा को अधोगति में जाने से बचा सकता है। समय बहते हुए जल की तरह है, जो एक बार हाथ से फिसल गया तो वापस नहीं आता है। साहुकारपेट श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीरचन्द सिसोदिया ने बताया कि अनेकों ने आठ, सात, पांच उपवास के साध्वी धर्मप्रभा से प्रत्याख्यान लिए। सभी तपस्वियों का स्वागत संघ के धर्मेश लोढ़ा, हरीश कांकरिया, सम्पतराज सिंघवी विजयराज दुग्गड़, महामंत्री सज्ज्नराज सुराणा, बादलचन्द कोठारी, सुरेश डूगरवाल, रमेश दरडा, सुभाषचन्द कांकलिया, महावीर कोठारी आदि ने किया। सभी का स्वागत संघ के अध्यक्ष एम अजीतराज कोठारी ने किया। रविवार को श्रमण संघ के द्वितीय पटट्धर आचार्य सम्राट आनन्द ऋषिजी एवं उपाध्याय केवल मुनि महाराज की जन्म जयंति तप त्याग और गुणगान के साथ साध्वीश्री धर्मप्रभा जी म.सा. के सान्निध्य में मनाई जायेगी।

# विनीत होना कमजोरी या कायरता की नहीं, महानता की निशानी है : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में आचार्यश्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी होती है उसका अहंकार। अहंकार प्रगति का सबसे बड़ा बाधक तत्व है। जो साधक विनम्र एवं ऋजु नहीं होता, उसके लिये सत्य के दरवाजे नहीं खुल सकते। अहंकार के वशीभूत हुआ व्यक्ति यह सोचता है कि यदि मैं झुक गया और सह लिया तो लोग मुझे छोटा एवं कमजोर समझकर मेरी उपेक्षा करेंगे परन्तु वास्तविकता ऐसी नहीं है। वास्तव में देखा जाये तो नम्र या विनीत होना कमजोरी या कायरता की नहीं, महानता की निशानी है और इसमें से ही जीवन की सार्थकता उजागर होती है। भगवान महावीर की आर्षवाणी धम्मो शुद्धस्थ चिट्ठई जो ऋजुता और विनम्रता की गुणवत्ता को उजागर करती है। ऋजु व्यक्ति ही सत्य की साधना कर सकता है क्योंकि ऋजुता और सत्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। अहंकार सत्य साधना की सबसे बड़ी बाधा है। प्रत्येक मनुष्य के मन में यह आकांक्षा रहती है कि वह महान कहलाये, यशस्वी कहलाये, लोग उसकी प्रशंसा करें, उसके बड़प्पन का गुणगान करें। कोई भी व्यक्ति छोटा नहीं कहलाना चाहता। वस्तुतः हमारी सरलता, विनम्रता तथा ऋजुता जीवन की सार्थकता का मुख्य आधार है। महापुरुषों का कथन है कि झुकने वाला व्यक्ति कभी छोटा या कमजोर नहीं होता बल्कि वह बड़ा और मजबूत होता है। विनम्र एवं सत्यशोधक दृष्टि का ही परिणाम है कि महापुरुषों पर अहंकार हावी नहीं हो पाता है। फल से लदी हुई डाल झुकी हुई होती है साथ ही सहनशील भी। तराजू का वजनदार पलड़ा कम कीमतवाला तथा महत्वहीन होता है और उसी की कीमत भी अधिक होती है। इसके विपरीत उठा हुआ पलड़ा कम कीमतवाला तथा महत्वहीन होता है। इसी प्रकार अहंकारी आदमी भी अपनी कृत्रिमता, चापलूसी से तना और अकड़ा होता है। वस्तुतः वह कमजोर होता है।



# अगर धर्म से अणगार धर्म की ओर

**चेन्नई।** यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम सेन्टर से विराजित साध्वीश्री चैतन्य श्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में बताया कि हमारे जीवन का वह दिन धन्य होगा जब हम इस संसार को छोड़कर संयम की ओर आगे बढ़ेंगे। रामकृष्ण परमहंस को किसी ने पूछा कि संसार और संयम में क्या अंतर हैं। तब उन्होंने बताया कि एक तरफ आत्मा दूसरी तरफ पांच इन्द्रिय और मन। हमारी आत्मा राजा है और आसपास हमारी पांचों इंद्रियों और यह मन को आत्मा ने गुलाम बना कर रखा है। यह है संयम और दूसरी ओर एक चोर बीच में आसपास पुलिस है। संसारी आत्मा पांच इंद्रियां और मन का गुलाम बना है। वैराग्य आने के अनेक कारण हैं। क्रोध, मोह, राग, द्वेष संसार को छोड़ने जैसा हैं। संयम लेने जैसा है मोक्ष पाने जैसा है आपका संसार मोबाइल कंपनी जैसा हैं इस रूट की सभी लाइनें व्यस्त हैं। आज की धर्म सभा में तेला से लेकर अठावीस उपवास तक के प्रत्याखयान हुए तथा पुरुषों के लिए भिक्षु दया का आयोजन किया गया है। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।



# तिरुपुर में ब्राह्मण समाज की महिलाओं का तीज सिंजारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



तिरुपुर। तिरुपुर शहर में ब्राह्मण समाज कि महिलाओं ने मिलकर पहली बार मनाया तीज का सिंजारा। कार्यक्रम गणेश मंदिर रायपुरम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना एवं आरती से हुई। ब्राह्मण समाज महिलाओं को एक मंच पर लाने का एक छोटा सा विचार आया और कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। रेखा शर्मा, रूपाली व्यास और रजनी शर्मा आदि ने मिलकर सारी व्यवस्था की। कार्यक्रम बहुत ही सहरानीय पूर्वक रहा क्योंकि समाज की सभी महिलाओं ने हर संभव से अपना तन, मन, धन का सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन निकिता पारीक ने किया। सभी महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान से माहौल बहुत जीवंत था उन्होंने नृत्य किया, गीत गाया और हर पल का आनंद लिया। सभी महिलाओं के लिए एक अच्छा ब्रेक था एवं निकट भविष्य में इस तरह से और भी मिलना-जुलना होता रहे एवं अपनी राजस्थानी परम्परा भी जीवित रहे। कार्यक्रम में काफी महिलाओं और काफी बच्चों ने भाग लिया।

# आज से शुरु होगी श्रीमद् भागवत कथा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां के माहेश्वरी सत्संग समिति के तत्वावधान में श्रावण मास में 20 से 26 अगस्त तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन माहेश्वरी भवन के प्रांगण में अपरान्ह 3 से सायं 7 बजे तक किया जाएगा

शनिवार को मथुरा से चेन्नई पहुंचे पहुंच श्री धीरेन्द्र शास्त्रीजी का स्वागत माहेश्वरी सत्संग समिति के मंत्री बंशीलाल दलाल, कोषाध्यक्ष जे नारायण दास राठी, हुक्मीचन्द जेठा आदि ने किया।

समिति के अध्यक्ष जीवनलाल मोहता ने रविवार से शुरु हो रही इस कथा में अधिक से अधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया है।



# अच्छे कर्मों से जीवन का उद्धार संभव : संत देवऋषि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। सीरवी समाज अनकापुतुर स्थित आईमाता बडेर प्रागंण में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में महिलाएं राधारानी के जयकार करते हुए चल रही है। कलशयात्रा में जगह जगह पर पुष्प वर्षा से समाज के बंधुओं ने स्वागत किया। कथा वाचक संत देवऋषि महाराज ने भागवत की पूजा-अर्चना की गई और पूजन के बाद कलश यात्रा स्थापना की गई। कथा वाचक संत देवऋषि ने भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मो का उदय होता है। कथा सुनने के लिए सीरवी समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित रहे।



# तपस्वियों का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के कायम्बटूर जैन श्वेताम्बर जैन खरतरगच्छ संघ भवन में महिला परिषद द्वारा गांव की सांझी में तपस्वियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक तपस्वियों जिन्होंने 15, 8 उपवास, वर्षीतप, अक्षयनिधि तप समोशरण तप आदि किए थे का केएमपी महिला परिषद द्वारा सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी किशोर जैन ने बताया कि विनय वनती रांका, श्वेता लोढा ने संगीतमय नाटिका से 'सास बहू का दायित्व और रिश्ते' की प्रस्तुति दी। सभी का स्वागत केएमपी के अध्यक्ष शिल्पा नहाटा ने किया। संचालन शकुंतला गोलेछा ने किया। रतलाम से आए संगीत कलाकार महावीर और उनकी टीम द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.